● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 176, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 05 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कुछ लोग सत्ता साझा करना नहीं चाहते : शिव कुमार 5

ओवल टेस्ट जीता भारत, सीरीज बराबर 6

## मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आनंद ग्रामों के विकास और नदी संरक्षण पर हुए दो एमओयू

### जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के बीच हुआ द्विपक्षीय एमओयू

**भोपाल।** मुख्यमंत्री एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सोमवार को दो अलग-अलग विषयों से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में हुए इन एमओयूस को हस्ताक्षरित कर संबंधित पक्षों द्वारा आदान-प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पक्षों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब मिलकर प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे।



पहला त्रिपक्षीय एमओयू राज्य आनंद संस्थान, भोपाल, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट एवं मप्र जन अभियान परिषद, भोपाल के मध्य हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य तीनों संस्थानों द्वारा आपसी प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश में आनंद ग्रामों के विकास तथा सतत् विकास के लक्ष्य पर आधारित ग्राम विकास अवधारणा के क्रियान्वयन की साझा पहल करना है। दूसरा द्विपक्षीय एमओयू म.प्र. जनअभियान परिषद, भोपाल और नर्मदा समग्र, भोपाल के बीच हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों द्वारा मध्यप्रदेश में नदी संरक्षण से जुड़े विविध आयामों पर नागरिकों की मन:स्थिति और वर्तमान परिस्थिति बदलने के लिए साझा प्रयास करना है। म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख सचिव आनंद विभाग श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, राज्य आनंद संस्थान के सीईओ श्री आशीष कुमार गुप्ता, जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के संगठन सचिव श्री अभय महाजन, संस्थान के कोषाध्यक्ष सह सचिव श्री बसंत पंडित, नर्मदा समग्र न्यास, भोपाल के अध्यक्ष श्री राजेश दवे, सचिव श्री करण सिंह कौशिक एवं मुख्य कार्यकारी श्री कार्तिक सप्रे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

म.प्र. जन अभियान परिषद अपने लक्षित उद्देश्यों के अनुरूप स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के माध्यम से शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित कर लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रयत्नशील है। इसके लिए परिषद निरन्तर विशेषज्ञता वाले शासकीय विभागों और संगठनों के साथ एमओयू करके सभी पक्षों की सहमति, सहयोग और समन्वय से कार्यक्रमों और आयोजनों की रूपरेखा तैयार करती है। परिषद के साथ सोमवार को हुए पहले त्रिपक्षीय एमओयू का उद्देश्य यह है कि तीनों संस्थान एक-दूसरे की विशिष्टताओं और विशेषज्ञताओं का लाभ लेकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान करें। दूसरे द्विपक्षीय एमओयू का उद्देश्य अविरल, निर्मल और कल-कल करती मां नर्मदा नदी के साथ-साथ इसकी सहायक नदियों को भी पुनर्जीवन प्रदान करने में आपसी सहयोग और समन्वय से विशेष रणनीति बनाकर इसे नदी संरक्षण की दिशा में तेजी से लागू करना है।

## बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा शुरू करेगी नया अभियान

**कोलकाता।** भाजपा हमेशा से ही अपनी एक चुनावी रणनीति के लिए चर्चा में रहती है। वहीं, जिस प्रदेश में उसकी सरकार नहीं बनती या फिर सत्ता से काफी लंबे अरसे से दूर रहती है। वहां ये पार्टी पूरी ताकत झोक देती है। इससे पहले भी बंगाल चुनाव में देखा गया था कि कैसे भाजपा ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा था। हालांकि भाजपा की सरकार नहीं बन पाई थी। इसके बावजूद पार्टी ने प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सीटों में इजाफा किया था। इस बार भी भाजपा ने चुनाव से पहले मिशन बंगाल के लिए नई-नई रणनीति बनानी शुरु कर दी है।



भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई जल्द ही अपने संगठनात्मक नेटवर्क के डिजिटल ऑडिट का दूसरा चरण शुरू करेगी, जिसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले फर्जी कार्यकर्ताओं को हटाने की कार्रवाई शुरू करगी। साथ ही उन कार्यकर्ताओं पर भी गाज गिरेगी जो आंकड़ों को गलत और बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते थे। दरअसल इस बार पार्टी ने मूड बना लिया है कि बूथ स्तर पर कड़ा नियंत्रण स्थापित करना है।

आंतरिक सत्यापन अभियान का उद्देश्य राज्य भर में भाजपा के बूथ-से-जिला संगठनात्मक पिरामिड की तकनीक-आधारित वास्तविकता की जांच करना है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि राज्य भर के लगभग 1.5 लाख पदाधिकारियों ने पहले ही एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अपलोड कर दिए हैं। यह प्रमाणित करने के लिए क्रॉस-सत्यापन चल रहा है कि पार्टी के पदों पर आसीन लोग उन्हें सौंपे गए क्षेत्रों में रहते हैं और उनका प्रतिनिधित्व करते हैं या नहीं।

एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि यह दिखावे की बात नहीं है। हम दशकों से चली आ रही संगठनात्मक कुप्रथाओं को ठीक कर रहे हैं। बंगाल भाजपा की दशकों पुरानी आदत है कि वह आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती है। गुटबाज नेता अपनी जमीन बचाने के लिए कार्यकर्ताओं की सूची बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। अगर हम ममता बनर्जी को हराने के लिए गंभीर हैं, तो यह सब बंद होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही, फर्जी या निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल करने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए।

## मछुआरों की नाव पर इसरो का जीपीएस

### नारायणन बोले- अब सही जगह जाकर पकड़ रहे मछली, हो रहा करोड़ों का मुनाफा

**तिरुवनंतपुरम**

इसरो (आईएसआरओ) के चेयरमैन वी नारायणन ने नदी में मछुआरों को मिलने वाली राहत पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब देश के मछुआरों की मदद के लिए नावों में देशी जीपीएस सिस्टम लगाना शुरू किया गया है। इससे मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए सही जगह आसानी से मिल जाती है। उन्होंने कहा कि पहले मछुआरे बिना मछली पकड़े वापस आ जाते थे, लेकिन अब उपग्रह की मदद से उन्हें हर दिन संभावित मछली पकड़ने वाले क्षेत्र के बारे में जानकारी मिलती है। इससे मछुआरों को बहुत फायदा हो रहा है।



नारायणन ने आगे बताया कि इस जीपीएस सिस्टम की मदद से मछुआरे कम ईंधन खर्च करते हैं क्योंकि उन्हें पता होता है कि मछली पकड़ने की सही जगह कहां है। इससे उन्हें जल्दी मछली मिल जाती है और वे ज्यादा मुनाफा कमा पाते हैं। इस सिस्टम से सालाना लगभग 30,000 करोड़ रुपये का फायदा होने का अनुमान है।

साथ ही, इस जीपीएस से मछुआरों को उनकी नाव की सही जगह का पता चलता है। इससे वे अपने देश के जल क्षेत्र में रहते हैं और गलती से दूसरे देशों के पानी में नहीं चले जाते। इससे विवादों और खतरे से बचा जा सकता है। तमिलनाडु में इस जीपीएस सिस्टम को अब तक 1000 से ज्यादा मछुआरों को दिया गया है, ताकि वे इसका इस्तेमाल करके देख सकें कि ये कितना मददगार है।

## मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अयोध्या में ड्रोन उड़ाने पर लगा प्रतिबंध

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में भी ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ग्रेटर नोएडा समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ड्रोन को उड़ते हुए देखकर स्थानीय लोग दहशत में आ गए थे। इसके बाद लोगों ने पहरेदारी शुरू कर दी थी। इसको लेकर शासन सख्त हुआ और ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। अयोध्या के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने धारा 163 के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए पूरे जनपद में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## बेदखल लोगों को शरण न दें, वरना फिर खराब हो जाएगी स्थिति

### मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की जनता से अपील

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को कहा कि जनता को बेदखल किए गए लोगों को शरण नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अगर ऐसा हुआ तो जो स्थिति अब थोड़ी सुधरी है, वह फिर से खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर जनता साथ देती रही तो सरकार की अतिक्रमण हटाने की मुहिम आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने यह बात बोडोलैंड क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कही।



जब उनसे पूछा गया कि क्या जो लोग बेदखल किए गए हैं, वे राज्य के किसी और हिस्से में जाकर बस सकते हैं, तो सरमा ने कहा, हमारे लोग अब जागरूक हो गए हैं। मुझे नहीं लगता कि वे ज्यादा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग अतिक्रमण कर यहां बसे थे, उन्हें वहीं लौट जाना चाहिए जहां से वे आए थे, सरकार को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे बेदखल किए गए लोगों की मदद न करें। उन्होंने कहा, अगर हम उन्हें शरण देंगे, तो हमारी जो स्थिति अब थोड़ी बेहतर हुई है, वह फिर से खराब हो जाएगी। सरमा ने जानकारी दी कि अभी भी राज्य में लगभग 29 लाख बीघा (9.5 लाख एकड़ से अधिक) जमीन पर अतिक्रमण है। उन्होंने कहा, हमें अभी बहुत काम करना है। अगर लोग हमारा सहयोग करें, तो हम इस जमीन को खाली करवा सकते हैं और अपनी जाति (समाज) की रक्षा कर सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि हाल ही में नगालैंड की सीमा से लगे उरियामघाट इलाके में जो बेदखली हुई, उसमें नागा समुदाय का क्या रुख था, तो उन्होंने कहा, वहां नागा समुदाय ने कोई हमला नहीं किया। नागा समुदाय ने हमें सहयोग दिया।

## साझा उम्मीदवार उतार एकजुटता दिखाना चाहती है कांग्रेस

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी है लेकिन कांग्रेस साझा उम्मीदवार को मैदान में उतारकर विपक्षी एकता का संदेश देने के साथ एनडीए के सहयोगी दलों को असमंजस में डालने की रणनीति बना रही है। विपक्ष के साझा उम्मीदवार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अगस्त को डिनर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ मंथन करेंगे। पार्टी की योजना बिहार या आंध्रप्रदेश के किसी नेता को उम्मीदवार बनाने की है, जिससे भाजपा के दो सबसे बड़े सहयोगियों टीडीपी व जदयू को असमंजस में डाला जा सके।

### सुप्रीम कोर्ट का राहुल से सवाल

## कैसे पता चीन ने जमीन हड़पी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने पूछा- आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमीजमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोले। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है। 16 दिसंबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। कहा था- लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन कब्जा की है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है।

## देश की पहली हरित और डिजिटल विधानसभा बनी दिल्ली

**दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने पर्यावरण और तकनीक के क्षेत्र में मिसाल कायम की है। रविवार को केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 500 किलोवॉट के सौर ऊर्जा संयंत्र और नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद रहीं। इस तरह दिल्ली अब देश की पहली ऐसी विधानसभा बन गई है जो पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलेगी और कागज रहित डिजिटल कार्यवाही करेगी। सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र में कागज का बिल्कुल इस्तेमाल नहीं होगा। सभी विधायकों की उपस्थिति भी नेवा से ही लगेगी। वहीं, सौर संयंत्र न सिर्फ विधानसभा को 100 फीसदी नवीकरणीय ऊर्जा देगा बल्कि माह करीब 15 लाख रुपये की बचत भी कराएगा। इससे सालाना 1.75 करोड़ रुपये तक की बचत का अनुमान है। नेट मीटरिंग से अतिरिक्त बिजली भी पैदा होगी। वहीं, ई-विधान प्रणाली के जरिए विधानसभा की सारी कार्यवाही अब डिजिटल होगी जिससे समय, संसाधन और पर्यावरण की रक्षा होगी।



केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने इसे देश के लिए नजीर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल और स्वच्छ भारत का सपना साकार हो रहा है। दिल्ली विधानसभा की यह पहल दूसरों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से हरसंभव सहयोग का वादा किया।

## हिंदी भाषियों से नफरत नहीं करें : राज ठाकरे

### कार्यकर्ताओं से कहा- मराठी भाषा का मुद्दा जरूरी लेकिन बेवजह की हाथापाई से बचें

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर विवाद के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने अपने सुर बदले हैं। उन्होंने आज कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि मराठी भाषा का मुद्दा जरूरी है लेकिन हिंदी भाषियों से नफरत नहीं करें और किसी के भी साथ बेवजह की हाथापाई से बचें।

ठाकरे ने कहा कि यदि कोई मराठी सीखना चाहता है तो उसकी मदद करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मराठा को मुद्दा बनाने पर जोर दिया और इसे घर-घर पहुंचाने की बात कही। यह नसीहत ऐसे समय में आई है जब भाषा विवाद को लेकर स्र्ह्स कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगातार नए मामले सामने आ रहे थे। ठाकरे ने कहा कि महानगरपालिका चुनाव की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। कार्यकर्ता स्थानीय मुद्दों को लेकर ग्राउंड पर उतरें और वोटर्स लिस्ट पर काम शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि 20 साल बाद हम दो भाई जब साथ आ सकते हैं तो तुम क्यों लड़ते हो? मतभेद भुलाकर साथ में काम पर लगना है।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वे 81 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके बेटे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने एक्स पर लिखा, आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं... इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम लोगों ने शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया। इस बीच सर गंगा राम अस्पताल की ओर से बताया गया कि शिबू सोरेन को आज सुबह 8:56 बजे मृत घोषित कर दिया गया।

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली दर निर्धारण समिति की बैठक सोमवार को शुरू हो गई। तीन दिवसीय बैठक में द्विमासिक मौद्रिक नीति तय करने के लिए चर्चा होगी। जानकारों का मानना है कि अगस्त एमपीसी बैठक के दौरान ब्याज दरों में नरमी के चक्र के स्थिर रहने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में ब्याज दरों में ढील देने का चक्र शुरू किया था और तब से अब तक तीन चरणों में अल्पकालिक उधार दर (रेपो) में 100 आधार अंकों की कटौती की गई है। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय दर निर्धारण समिति- मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)- बुधवार (6 अगस्त) को अगली द्विमासिक नीति दर की घोषणा करने वाली है। विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है और अमेरिका की ओर से 7 अगस्त से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद और अधिक मैक्रो डेटा का इंतजार कर सकता है। हालांकि, उद्योग जगत के एक वर्ग को बुधवार को ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि ऋण नीति जून के लिए कम मुद्रास्फीति और 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के हालिया घटनाक्रम पर आधारित नहीं होगी।

## गंगा और यमुना का खौफनाक रूप देख सहमे लोग

**प्रयागराज।** गंगा और यमुना का जलस्तर एक सप्ताह से दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यही स्थिति रही तो अगले कुछ दिनों में ही 1978 का रिकार्ड टूट जाएगा। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, गंगा नदी फाफामऊ में 88.390 मीटर तो यमुना नदी के नैनी में 87.990 मीटर तक पहुंचने का रिकार्ड दर्ज है।



रविवार की रात तक गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 85.87 मीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में 85.82 मीटर रिकार्ड किया गया। जानकारों की ओर से अभी दो दिन जलस्तर में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। इसे लेकर प्रशासन की ओर से भी अलर्ट जारी किया गया है। आंकड़ों पर गौर करें तो फाफामऊ में वर्ष 2021 में अधिकतम जलस्तर 86.04, वर्ष 2022 में 85.93, वर्ष 2023 में 81.250 मीटर और वर्ष 2024 में 84.07 मीटर रहा था। इस वर्ष 2025 में लगातार गंगा और यमुना का बढ़ता जलस्तर खतरे का संकेत दे रहा है। बाढ़ प्रभावित सैकड़ों परिवारों को शिविरों में भी राहत नहीं मिली। मेहबूब अली इंटर कॉलेज में शरणार्थियों को सुबह का नाश्ता नहीं मिला तो भोजन के लिए भी शाम पांच बजे तक इंतजार करना पड़ा। इस तरह की शिकायत अन्य शिविरों में भी रही। एसडीएम सदर अभिषेक सिंह की ओर से खाना और नाश्ता देने वाली एजेंसी को दो नोटिस दिए गए हैं। एजेंसी बदले जाने की भी तैयारी है।

शनिवार शाम तक 13 बाढ़ राहत शिविर खुल गए थे। मेहबूब अली इंटर कॉलेज शिविर में सुबह 11 बजे सिर्फ 75 पैकेट नाश्ता पहुंचा जबकि यहां 250 से अधिक शरणार्थी हैं। इतना ही नहीं खाना भी शाम पांच बजे पहुंचा। खाने की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायत रही। मम्फोर्डगंज स्थित सेंट जोसेफ गर्ल्स विंग में भी समय से खाना न पहुंचने की शिकायत रही। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह स्कूल का निरीक्षण करने पहुंची थीं। बघाड़ा स्थित एनी बेसेंट स्कूल में भी देर से खाना पहुंचा। उसी समय शिविर के नोडल अधिकारी केके सिंह भी पहुंचे थे। शिविर में पहुंची मेडिकल टीम को लेकर भी शिकायत रही। नोडल अधिकारी ने इस बाबत पूरी रिपोर्ट मांगी और प्रभारी चिकित्सक को बैठने की चेतावनी दी। एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह का कहना है कि शिविरों में लगातार लोग बढ़ रहे हैं इसलिए खाना पहुंचने में देर हो गई। बाढ़ का दायरा बढ़ने के साथ एनडीआरएफ और सीडीआरएफ की टीमें भी सक्रिय हो गई हैं। इनके अलावा तहसील प्रशासन की ओर से 30 नावें चलाई गई हैं। इनकी मदद से बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का क्रम जारी है।

# अशोक सिंह पैगाम ने शिक्षा विभाग के साढ़े 3 करोड़ के भ्रष्टाचार की खोली पोल, डीईओ ने कहां लड़ेंगे चुनाव

**डीएमएफ से जर्जर स्कूलों की मरम्मत कराएं बिना निकाल ली राशि, तीन फर्मों के जरिए किए बंदरबांट, कायदे से जांच होगी तो फसेंगे डीईओ !**

**सिंगरौली।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैनक में जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पैगाम ने शिक्षक विभाग के साढे 3 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार सहित स्कूल के मरम्मत के पैसे में बंदरबांट करने की पोल खोल दी। इस बीच पक्ष विपक्ष के आरोप प्रत्यारोप पर खुशी जताते हुए डीईओ व डीपीसी ने ताली बजाकर सदन की मर्यादा को भंग किया है। डीईओ ने सदन में ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर डाली है। जिसको लेकर राजनीतिक गलियारे में सन्नाटा पसर गया है। हालांकि चर्चा यह भी सच है कि डीईओ एसबी सिंह अपनी राजनीतिक सियासत की शुरुआत चितरंगी विधानसभा से करने का मन बना लिए हैं।




दरअसल गुरूवार को जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक के दौरान अशोक सिंह पैगाम ने शिक्षा विभाग के डीईओ एसबी सिंह पर साढ़े तीन करोड़ खरीदी में बंदरबांट के अलावा शासन से आई स्कूलों मरम्मत, बिजली व्यवस्था की में करोड़ों रुपए की राशि में फर्जीवाड़ा किये जाने का मुद्दा सदन में उठाया था। उन्होंने शासन के नियम व राशि का ब्योरा पटल पर रखते हुए जांच कराने के साथ ही दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की थी। इस दौरान पक्ष और विपक्ष में तीखी नोंक-झोंक हुई। जिससे खुश होकर डीईओ और डीपीसी ताली बजाकर सदस्यों को अपमानित कर दिया। बताया जा रहा है कि पक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ते टकराव को देख खुश होकर डीईओ एसबी सिंहए डीपीसी राम लखन शुक्ला व उनके मातहतों ने ताली बजा दी, जिसके बाद सदस्य विखर पड़े। डीईओ और डीपीसी के ताली बजाने से अपमानित सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लगने की मांग करने लगे। जिला पंचायत सदस्यों के तेवर को देख जिला पंचायत सीईओ ने मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने ताली बजाने वाले दोनों अधिकारियों को जेल भेजने की बात तक कह दी। लेकिन राजनीतिक संरक्षण होने के चलते अधिकारियों के चेहरे पर एक सिकन तक नहीं आई।

## डीईओ ने 3.50 करोड़ रुपए का किया बंदरबांट

जिपं सदस्य अशोक सिंह पैगाम ने सदन पर सवाल उठाया कि डीईओ ने नियमों को ताक पर रखते हुए सीधे तीन फर्मों के नाम पर राशि आहरित करवा दिया पूर्व है। उन्होंने कहा कि भण्डार कय नियम/ उपार्जन नियम के अनुसार 2.5 लाख से अधिक की सामग्री होने पर खुली निविदा, ई-टेंडरिंग, जैम पोर्टल पर आमंत्रित कर सामग्री खरीदा जाना चाहिए था। लेकिन जिम्मेदार डीईओ एसबी सिंह ने श्रीप्रदा सेल्स कार्पोरेशन, धनलक्ष्मी ट्रेडर्स और जगदम्बा इंटरप्राइजेज को लाभ पहुंचाने के लिए काम दे दिया। इसके बाद न तो मरम्मत हुआ और न ही कोई खरीदी की गई।

## कायदे से जांच होगी तो फसेंगे डीईओ

स्कूलों के बंद शौचालय के साफ -सफाई के लिए करोड़ों रुपए से खरीदे गए कीटाणुरोधी गोलियों का मामला अभी ठंड भी नहीं हुआ कि अब स्कूलों के मरम्मत और पुताई में साढ़े तीन करोड़ का भ्रष्टाचार का मामला सामने आने के बाद डीईओ मीडिया से दूरी बना लिए हैं। चर्चा है कि कायदे से इस मामले की जांच हो जाए तो डीईओ एसबी सिंह का फसना तय है। हालांकि उन पर कई मंत्रियों का हाथ होना बताया जा रहा है। लिहाजा कार्यवाही होने की संभावना न के बराबर है। जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि 3.5 करोड़ रुपए की पूरी राशि का बंदरबांट कर ली गई है, इसलिए जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ करोड़ों रूपए की अनियमितता करने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाएं।

# प्रधानमंत्री आवास की राशि लेकर भवन न बनाने वाले हितग्राहियों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**निगमायुक्त ने राशि वसूली के दिये सख्त निर्देश, वृहद वृक्षारोपण के तैयारियों का किया समीक्षा**

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए जारी की गई राशि का गलत उपयोग करने वाले हितग्राहियों की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क कर राशि वसूली की कार्यवाही करें।



साथ ही हरित म.प्र. अभियान के तहत आयोजित होने वाले वृहद वृक्षा रोपण की तैयारियां समय पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित के उक्त आशय के निर्देश नगर निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान ननि आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा संबंधित क्षेत्र के सहायक एवं उपयंत्रियों को दिया गया। ननि आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा करते हुये संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि ऐसे हितग्राही जो बार-बार समझाइस देने के बावजूद भी अपने आवासो का निर्माण कार्य पूर्ण नही कर रहे हैं। आवास निर्माण के लिए जारी राशि का गलत उपयोग कर रहे ऐसे हितग्राहियों की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क कर उनसे राशि वसूली की कार्यवाही करे। निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा यह राशि आवास निर्माण के लिए भेजी गई। इस राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण के लिए ही किया जाना है, किंतु हितग्राहियों द्वारा शासन से अनुदान राशि प्राप्त करने के पश्चात भी भवन का निर्माण नही किया जा रहा है। इसे किसी प्रकार से उचित नही ठहराया जा सकता है। निगमायुक्त ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में कराये जाने वाले वृहद वृक्षा रोपण के तैयारियों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री तथा उपयंत्री स्थल चयन कर अवगत कराये, ताकि शासन के मंशानुसार अभियान के तहत वृक्षारोपण कराया जा सके। उन्होंने शहर के नाले-नालियों की साफ - सफाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि बरसात के दौरान कही जल भराव कि स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए सभी उपयंत्री अपने निगरानी में नाले-नालियों की साफई कराये। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त एचएम श्रीवास्तव, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, प्रवीण गोस्वामी, आलोक टीरू, दिनेश तिवारी, सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय, उपयंत्री अनुज सिंह, इन्द्रवेश यादव, विशाल खत्री, चन्द्रमणि द्विवेदी, विष्णुपाल सिंह, जीतेन्द्र, शिवानी गर्ग, हेनरी ठाकुर, प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली को मिला नया नेतृत्व, संदीप नायक ने कार्यकारी निदेशक का कार्यभार संभाला



**सिंगरौली।** संदीप नायक ने एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के कार्यकारी निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया हैं। एनटीपीसी के एक अनुभवी और समर्पित अधिकारी के रूप में नायक का ऊर्जा क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रहा है।

एनटीपीसी में वर्ष 1989 में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ करने वाले श्री नायक ने विंध्याचल, नोएडा, नई दिल्ली और कहलगांव जैसी प्रमुख परियोजनाओं में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने ऑपरेशन, कॉमर्शियल एवं कंसल्टेंसी जैसे विविध क्षेत्रों में गहराई से कार्य कर संगठन की विविध आवश्यकताओं और लक्ष्यों को मजबूती से आगे बढ़ाया है। श्री नायक ने 1989 में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई की उपाधि प्राप्त की है। कार्यभार ग्रहण करते हुए श्री नायक ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि सुरक्षा प्रणाली, प्लांट प्रचालन, तृतीय चरण विस्तार, पर्यावरण मानकों का अनुपालन एवं सामाजिक विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। उन्होंने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान प्लांट से जुड़े प्रमुख मुद्दों का गहन विश्लेषण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## अधिकारी-कर्मचारी एवं पेंशनर भी चलाएंगे सप्ताह में एक दिन साइकिल

**सिंगरौली।** म.प्र. अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने एक अपील संदेश पत्र कलेक्टर को सौंपा है। जिसमें संभागायुक्त के द्वारा सप्ताह में एक दिन मंगलवार को साइकिल-डे को समर्थन किया है। अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सिंह चौहान ने पेंशनरों के साथ कलेक्टर के मुलाकात करते हुये संभागायुक्त रीवा के नवाचार संबंधी अनुकरणीय प्रयास का समर्थन किया है और कहा है कि सप्ताह में एक दिन साइकिल से दफ्तर जरूर आना चाहिए।

# हमारी यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति हमारे समर्पण का दर्पण: सुन्दर

**जिले भर में आयोजित होंगी तिरंगा यात्राएं**

**स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मनेगा विभाजन विभीषिका दिवस**

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका दिवस के सफल आयोजन के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक को मूर्त रूप देने के लिए जिले की संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व वरिष्ठ नेता अमर सिंह, तिरंगा यात्रा के जिले के प्रभारी व ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, सह प्रभारी व जिलामंत्री ध्रुव सिंह मंचासीन रहे। स्वागत उद्बोधन निगम अध्यक्ष एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के जिले के प्रभारी देवेश पांडेय ने दिया। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आगामी कार्यक्रमों की भूमिका को संक्षेप में बताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारी यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति हमारे समर्पण का दर्पण है। इसलिए प्रत्येक मंडल स्तर तक यह भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित हो तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व देश के विभाजन की त्रासदी को आज की पीढ़ी को बताने के लिए विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम प्रभावी रूप से सम्पन्न हो इसका विशेष ध्यान हमे रखना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सरोज शाह, जिला महामंत्री लालपति साकेत, पूनम गुप्ता, मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल, आईटीसेल संयोजक सुरेश गिरी, रामाधार गुप्ता, समस्त मंडल अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, जल चढ़ाने व माथा टेकने श्रद्धालुओं का लगा तांता

**सिंगरौली।** श्रावण मास के चौथे अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर दोपहर तक भगवान भोलेनाथ जी के प्रतिमा पर जल चढ़ाने एवं माथा टेकने श्रद्धालुओं के कतारे लगी रही।



श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार की यह क्षणिका न केवल एक तिथि है, बल्कि भक्ति की यात्रा का वह पड़ाव है जहाँ श्रद्धा, तप और प्रेम एकाकार हो जाते हैं। ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार हर सोमवार जब शिवलिंग पर जलधारा चढ़ाई गई तो वह केवल जल नहीं था, वह अश्रु था आत्मा का, वह प्रार्थना थी बिना कहे की गई। बेलपत्रों में छिपे संकल्प, रुद्राभिषेक में डूबी चेतना और व्रतों की नीरवता ये सभी आज पूर्णता को प्राप्त हो रहे हैं। सावन सोमवार केवल व्रत की समाप्ति नहीं है, यह एक आध्यात्मिक अनुबंध की परिपक्वता है। आज जब शिव को अर्पित किया गया जल अंत हो गया है, तब भीतर कुछ नया आरंभ हो रहा है शांत, निस्पंद, और शिवमय। शिव जो स्वयं विरक्ति हैं और अनुरक्ति भीय जो संहार हैं और सृजन भी, उन्हीं के चरणों में आज इस समर्पण का अंतिम पुष्प अर्पित कर साधक अपने भीतर के शिव को पहचानने निकल पड़ता है। इधर आज सुबह से ही मंदिरों में तांता लगा रहा। वही मंदिरों में पूजापाठ, हवन-कीर्तन, महामृत्युंजय जप, रूद्राभिषेक सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान चलते रहें। पूरा ऊर्जाधानी बमभोले के उद्घोष से गुजायमान हो गया।

## जयंत में बिना परमिट के चल रहे 10 वाहन जप्त

**सिंगरौली।** दूसरे प्रांतो से सिंगरौली के एनसीएल के ओबी कंपनियों में डीजल खपाने वालों के विरूद्ध कलेक्टर ने आज जांच करने के लिए संयुक्त टीम जयंत भेजा था। जहां डिप्टी कलेक्टर, आरटीओ, खाद्य आपूर्ति अधिकारी की संयुक्त टीम ने जांच किया। इस दौरान 10 वाहन भी बिना परमिट के पाये गये। जिसमें पॉच स्कूल वाहन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर आज डिप्टी कलेक्टर नन्दन तिवारी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी एवं जिला परिवहन अधिकारी, विक्रम सिंह राठौर ने स्टाफ के साथ जयंत के मुड़वानी मार्ग पर वाहनों का विशेष जांच पड़ताल शुरू किया।

# भलैया टोला के जंगल में दिखा बाघ, मचा हड़कंच

**सिंगरौली।** जिले वन परिक्षेत्र सरई पूर्व के भलैया टोला के जंगल में बाघ को ग्रामीणों ने देख इसकी सूचना वन अधिकारियों को दिया है। वहीं गांव में दहशत का माहौल है।



जानकारी के अनुसार भलैया टोला के जंगल में बाघ के दहाड़ने व जंगल में बिचरण करने का सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वीडियो, जंगल विभाग के अधिकारियों ने ग्रामवासियों को सचेत एवं सावधान रहने का अलर्ट किया जारी, जंगल विभाग के अधिकारी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। लेकिन जंगल में बाघ के चिन्ह मिलने की पुष्टी वन अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। साथ ही आसपास के गांव को सतर्क रहने के लिए भी कहा गया है।

### इनका कहना

सोशल मीडिया में हमने भी वीडियों देखा है। वीडियों की पुष्टि हम नही करते । जंगल में बाघ के पद चिन्ह जरूर मिले हैं।

**अखिल बंसल**
**डीएफओ, सिंगरौली**

# निगम सभागार में मिशन कर्मयोगी, आईजीओटी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** शासन के निर्देशानुसार आज दिन सोमवार को निगम सभागार में ननि आयुक्त डीके शर्मा के निर्देशन में सहायक आयुक्त एचएम श्रीवास्तव के उपस्थिति में निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए मिशन कर्मयोगी आईजीओटी के अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सहायक आयुक्त ने कहा कि मिशन कर्मयोगी और आईजीओटी प्लेटफॉर्म न केवल प्रशासनिक क्षमता को मजबूत करते हैं, बल्कि यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को लगातार अपडेट करता रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल अधिकारियों-कर्मचारियों को पारदर्शी और नवाचारी बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

उल्लेखनीय है कि एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को आधुनिक प्रशासनिक दक्षताओं से लैस करना है। यह प्लेटफॉर्म सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-समय पर डिजिटल माध्यम से विषयवस्तु आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है, जिससे वे अपनी भूमिका में और अधिक प्रभावी बन सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि 8 अगस्त के पूर्व सभी अधिकारी-कर्मचारियों अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित कोर्स कम से कम 10 कोर्स का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त करे। प्रशिक्षण के दौरान सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय, सहायक सामुदायिक संगठक प्रवीण पटेल, सीएमएम कृष्णा पटेल, पवन मिश्रा मौजूद रहे।

# कोलयार्ड गोंदवाली पहुंची जांच टीम, मचा हड़कंप

**कोयले में भस्सी व छाई का मिलावट करने का आरोप**

**सिंगरौली।** गोंदवाली कोलयार्ड में भस्सी एवं छाई के मिलावट करने का आरोप पिछले कई दिनों से लग रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर आज खनिज, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम कोलयार्ड गोंदवाली पहुंच कोयले का सेम्पल संयुक्त टीम ने लिया है।

गौरतलब है कि कोलयार्ड गोंदवाली में मिलावटी कोयला जिसमें छाई एवं भस्सी मिक्सिंग करने का कई दिनों से आरोप लगाये जा रहे थे। यहां तक कि गत दिवस एक हाईवा वाहन छाई के साथ पकड़े गये थे और आरोप है कि यह छाई छत्तीसगढ़ प्रांत के रामगढ़ से लोडकर कोलयार्ड गोंदवाली में खपाने का मक्सद था। यहां अघोरी कोलयार्ड कंपनी पर इस तरह के आरोप भी हैं। कर्ताधर्ता प्रशांत जायसवाल पर कोयला मिक्सिंग कराने का आरोप भी है। सोशल मीडिया में इन दिनों यह मामला काफी तूल पकड़ा हुआ है। कलेक्टर मामले को गंभीरता से लेते हुये आज कोलयार्ड गोंदवाली में संयुक्त टीम भेजा है। इस टीम में खनिज अधिकारी तहसीलदार बरगवां एवं टीआई बरगवां राकेश राका साहू सहित खनिज का अन्य स्टाफ शामिल हैं। सोमवार की सुबह उक्त टीम कोलयार्ड पहुंची और कोयले का सेम्पल लेकर जांच पड़ताल व स्थल पंचनामा तैयार किया गया है। कोयला मिक्सिंग करने में कितनी सच्चाई है, यह तो सेम्पल आने के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन लोगों का खनिज विभाग पर ज्यादा भरोसा भी नही है। इस तरह की जांच पड़ताल खनिज विभाग की टीम शिकायत मिलने पर करती रहती है। सेम्पल का रिपोर्ट आने में ही कई महीने का वक्त लग जाता है। तब तक में कोयला कारोबारी नीचे से लेकर ऊपर तक इतनी भाग-दौड़ कर लेते हैं कि सेम्पल रिपोर्ट भी दब जाती है या फिर कोल कारोबारी अपने मन मुताबिक जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों के यहां भेजवाने में कामयाब हो जाते हैं। यहां बताते चले कि दो महीना पहले कोल जांच के मामले में खनिज अधिकारी ने जांच में ऐसा लीपापोती किया था कि वरिष्ठ अधिकारी भी हैरान रह गये थे। फिलहाल कोलयार्ड गोंदवाली में कोयला के मिक्सिंग के मामले में जांच टीम कितनी निष्पक्षता के साथ जांच प्रतिवदेन देगी, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। खनिज विभाग सेम्पल रिपोर्ट आने का इंतजार की बात करते हुये गोलमाल जवाब दिया है। वही छत्तीसगढ़ प्रांत के छाई सिंगरौली के कई कोल माफियाओं के लिए काफी पसंद की है। यहां आये दिन छाई ट्रक एवं ट्रेलर वाहनों से आकर कथित कोलयाडो में खपाया जा रहा है। कई बार छाई पकड़ी भी जा चुकी है। पिछले साल बैढ़न में आधा दर्जन ट्रक छाई के साथ पकड़े गये थे। इसकी बावजूद कोयले में मिक्सिंग कराने वाले कोल कारोबारी अपनी आदतों से बाज नही आ रहे हैं और छाई का खेल खेलने में पीछे नही हट रहे हैं। खाकी वर्दी से लेकर सफेदपोश धारी तक छाई से प्रभावित हैं। इन्हें भी छाई काफी पसंद है। इस तरह के आरोप आये दिन लगते रहते हैं। फिर भी कोयले में छाई एवं भस्सी मिलावट करने का खेल थम नही रहा है। कोयले के मिलावट में कितनी सच्चाई है, इसका निष्पक्ष जांच होने के बाद ही पता चल पाएगा।



# पंच-ज अभियान के अंतर्गत न्यायाधीशगण हेतु नव-निर्मित आवासीय परिसर में हुआ पौधरोपण सह जागरूकता शिविर

**सीधी।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के कुशल नेतृत्व एवं गरिमामय उपस्थिति में सोमवार दिनांक 04.08.2025 को न्यायाधीशगण हेतु नव निर्मित आवासीय परिसर में पंच-ज अभियान के तहत पौधरोपण से विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय के अनेक न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्तागण, कर्मचारियों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया और परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि न्यायिक परिसरों को



अधिक स्वच्छ, हरित एवं सुंदर बनाना भी है। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की भूमिका को रेखांकित किया और सभी से आव्हान किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करें।

श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी ने उपस्थित लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, नालसा पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोकोपयोगी लोक अदालत, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी। श्री मनीष कौशिक ने आगामी दिनांक 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आमजन को न्याय दिलाने हेतु निरंतर कार्यरत है।

उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक, अधिवक्तागण श्री आशुतोष गुप्ता, श्री प्रमोद मिश्रा, डॉ. ए.पी. गौतम, श्री दिलीप त्रिपाठी, श्री के.के. शुक्ला, श्री सुशील उपाध्याय, श्री अशोक पाण्डेय, श्रीमती आराधना सिंह, श्री आशुतोष शुक्ला, श्रीमती निशा मिश्रा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड एवं पतंजली योग समिति के अन्य योग सहायकगण उपस्थित रहे।

## जिले में औसत वर्षा 904.8 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 04 अगस्त को सीधी जिले में 13.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 34.5 मि.मी., चुरहट 12.0 मि.मी., गोपद बनास में 8.0 मि.मी., सिहावल में 9.4 मि.मी., बहरी में 4.4 मि.मी., मझौली में 23.0 मि.मी. और कुसमी में 4.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 904.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 04 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 1039.4 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 750.2, चुरहट में 775.0, गोपद बनास में 867.2, बहरी में 955.7, मझौली में 1035.0 मि.मी. और कुसमी में 911.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 568.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 336.8 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने चलेगा अभियान

**सीधी**

प्रदेश के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को इस आशय के आदेश दिये है। प्रदेश में एक अप्रैल 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है।

केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना 4 दिसम्बर 2018 के अनुसार एक अप्रैल 2019 के बाद सभी पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाई जाना अनिवार्य है। वाहन पोर्टल में डाटा अपडेट करने के काम में तेजी लाई जा रही है। परिवहन विभाग ने परिवहन आयुक्त को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। प्रदेश भर में दल गठित कर संबंधित वाहन डीलर के माध्यम से एनआईसी वाहन पोर्टल पर अद्यतन स्थिति दर्ज की जायेगी। इसके लिये एक विशेष अभियान चलाया जायेगा।

### तीन माह में हो नम्बर प्लेट बदलने का कार्य

परिवहन विभाग ने एचएसआरपी प्लेट बदलने का कार्य आगामी 3 माह में पूर्ण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारियों को दिए है। निर्देश में कहा गया है कि अपने जिले के समस्त डीलरों से निरंतर सम्पर्क में रहते हुए वाहनों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाई जाए। जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं है उन्हें पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सेंटर द्वारा प्रमाण पत्र, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) जारी करने, पंजीकरण प्रमाण पत्र में पता बदलना, शुल्क देकर आरसी विवरण देखना संभव नहीं हो सकेगा। साथ ही वाहनों के स्वामित्व बदलने, हाइपोथिकेशन जोड़ना और हटाना, नवीन-डुप्लीकेट परमिट जारी करना, परमिट का हस्तांतरण और नवीनीकरण, कराधान प्राधिकार के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना और वाहन का पंजीयन निरस्तीकरण करना संभव नहीं हो सकेगा।

निर्देश में कहा गया है कि वाहन की स्थाई-अस्थायी अनुज्ञाएं जारी करने, डुप्लीकेट फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने, वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करना, वाहनों के पंजीयन नवीनीकरण करने के साथ ही वाहन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सुविधाएं मोटर मालिकों को नहीं मिल सकेंगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि एचएसआरपी नंबर प्लेट होने से इन्फोर्समेंट के तहत लगाए गए कैमरे में दर्ज हो पायेंगी। इससे रोड सेफ्टी का भी पालन हो पायेगा। जिला परिवहन अधिकारियों को इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के लिये भी कहा गया है।

# रीवा शहर के ब्लू एवं ग्रीन ट्रांसफॉर्मेशन हेतु एसपीए भोपाल की टीम का अध्ययन

**रीवा।** नगर निगम सभागार में आज स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) भोपाल द्वारा रीवा शहर के क्लाइमेट एवं वाटर सेंट्रिक डेवलपमेंट प्लान तथा ब्लू एवं ग्रीन ट्रांसफॉर्मेशन पर प्रस्तुति दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे, निगम अधिकारीगण एवं एसपीए भोपाल की टीम उपस्थित रही। प्रो. रमा पांडे के नेतृत्व में 11 विद्यार्थियों की टीम आगामी 12 दिनों तक रीवा शहर का गहन अध्ययन करेगी। अध्ययन में बाढ़ नियंत्रण, जलभराव की समस्या, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास (सस्टेनेबल डवलपमेंट) से जुड़े पहलुओं पर विस्तृत सर्वे किया जाकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके तहत समय दर समय वाटर बॉडीज में कमी, अतिक्रमण, जल निकासी व्यवस्था का मूल्यांकन कर गार्डन में स्पॉन्ज पार्क, रिचार्ज पिट, तालाबों में फ्लोटिंग वेटलैंड द्वारा जल शुद्धिकरण और पर्मिएबल पेवर्स जैसी तकनीकों के अपनाएं जाने हेतु योजना तैयार किया जाएगा। टीम विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित वार्ड 01, 06, 15 एवं 42 का निरीक्षण करेगी और कार्ययोजना तैयार करेगी। एसपीए टीम ने बताया कि अध्ययन का मुख्य उद्देश्य रीवा को एक सस्टेनेबल सिटी के रूप में विकसित करने के ठोस सुझाव देना है, जिससे ब्लू एवं ग्रीन स्पेस का इंटीग्रेटेड ट्रांसफॉर्मेशन हो और शहर में जल प्रबंधन व हरित क्षेत्र संरक्षण को बढ़ावा मिले। उल्लेखनीय है कि स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व की एक संस्थान है। इससे पहले भी संस्थान की टीम द्वारा रीवा जिले का गहन अध्ययन किया जा चुका है।

# लोक कला की कलात्मक प्रस्तुति के साथ निकली हरियाली यात्रा

**सीधी।** जन अभियान परिषद विकासखंड सिहावल सेक्टर मायापुर अंतर्गत आदर्श ग्राम बरबंधा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का कार्यक्रम शासकीय विद्यालय प्रांगण बरबंधा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शासकीय विद्यालय बरबंधा, विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद अनिल कुमार पाठक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा स्थानीय लोक नृत्य किया गया। उक्त कार्यक्रम सेक्टर मयापुर की नवाकुर संस्था के नेतृत्व एवं आयोजकत्व मे हुआ तथा ग्राम



विकास प्रस्फुटन समिति बरबंधा का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में समस्त नवांकुर सखी मातृ शक्तियों के साथ ही ग्रामीण जन उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारी नवांकुर संस्था के अध्यक्ष तथा जन समुदाय द्वारा उत्साहपूर्ण ढंग से हरियाली यात्रा निकल गई तथा मुख्य अतिथि द्वारा पौधों का वितरण किया गया। उपस्थित सभी लोगों को पौधे की रक्षा करने के लिए शपथ दिलाया गया। मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री आशीष मिश्रा द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी माता बहनों से पौधा लगाने तथा उसे अपने परिवार के समान पालन पोषण करने के लिए आवाहन किया गया। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद द्वारा मातृ शक्तियों को जोड़कर अद्भुत कार्य किया गया है। निश्चित रूप से माताएं जिस कार्य को पूर्ण मनोयोग से ठान लेती हैं वह कार्य फलीभूत होता है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री जी के सपने को साकार करने की दिशा में गति मिलेगी।

इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि सभी को मिलजुल कर पौधारोपण करना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे तथा समाज स्वस्थ रहे। विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक द्वारा परिषद द्वारा संचालित नवांकुर सखी हरियाली यात्रा की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उक्त कार्यक्रम का आभार संस्था के अध्यक्ष सुनील द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संतोष द्विवेदी, पुष्पराज पटेल, सुनील द्विवेदी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालय के बच्चे तथा ग्राम बरबंधा के गणमान्य जनो की उपस्थित रही।

# संजय गांधी महाविद्यालय में समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**सीधी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो छात्रहित, राष्ट्रीय हित एवं समाज हित को कार्य करता है एवं समय-समय पर छात्र-छात्राओं को होने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु अभाविप सदैव प्रयासरत रहने वाला छात्र संगठन है वर्तमान समय में पीएम एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं के लिए महाविद्यालय प्रशासन को अभाविप द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से पठन-पठान संबंधित व्यवस्थाएं हैं सुचारू रूप से सभी संकायों के कक्षाएं ना संचालित होने से कॉलेज के एक तिहाई छात्राओं एटीकेटी फेल हो जाते हैं जबकि कालेज प्रशासन इस पर मौन साध हुए है।

हाल ही में घोषित हुआ बीए बीएससी बीकॉम का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है जो की संतोषजनक नहीं है परीक्षा परिणाम में फेल एवं प्रमोट होने वाले छात्रों की संख्या ज्यादा है जिससे सभी छात्रों की मांग है कि उनका पुन: मूल्यांकन महाविद्यालय द्वारा जल्द कराया जाए और रिजल्ट में सुधार किया जाए एवं महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किया जाए जिससे छात्राओं को परेशानी का सामना न करना पड़े परीक्षा परिणाम नियमित रूप से घोषित किया जाए ताकि छात्रों के लिए अगले कक्षा में प्रवेश लेने में समस्याएं ना हो और पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके एवं महाविद्यालय में पेयजल की व्यवस्था कराई जाए व महाविद्यालय परिसर में निरंतर साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए महाविद्यालय के शौचालय में सफाई की व्यवस्था कराई जाए और शौचालय में जल का पर्याप्त व्यवस्था कराई जाए जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े महाविद्यालय के बचनालय मे पुस्तक एवं साफ सफाई की व्यवस्था तथा वाचनालय में बैठने की व्यवस्था कराई जाए छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हर जगह सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कराई जाए छात्रों को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला चौकीदार की व्यवस्था की जाए एवं महाविद्यालय परिसर की जमीन में दिनों-दिन अधिक्रमण बढ़ता जा रहा है गोमती एवं ढेलो में आसामाजिक तत्व द्वारा बैठकर आने जाने वाले विद्यार्थी को परेशान करते हैं खासकर महाविद्यालय की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें की जाती है महाविद्यालय की जमीन से अधिकरण मुक्त कराया जाए कई वर्ष पूर्व बना महाविद्यालय के इकलौता ऑडिटोरियम जिसकी वर्तमान स्थिति में हालत काफी जर्जर है जिसकी पुन: मरम्मत कराया जाए महाविद्यालय के जनरल छात्रावास की हालत जर्जर है उसकी पुन: मरम्मत कराई जाए एवं छात्रों की रहने की व्यवस्था कराई जाए महाविद्यालय में अध्यनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को पुस्तक एवं स्टेशनरी वितरित कराई जाए जिले का इकलौता अग्रणी महाविद्यालय जिसमें सीमित सीट होने के कारण बहुत से छात्र अभी भी प्रवेश से वंचित है छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सभी संकायों में 10त्र की सीट वृद्धि की जाए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यदि समस्याओं को 10 दिवस के अंदर पूर्ण रूप से निराकरण नहीं किया गया तो छात्र-छात्राओं उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन नारेबाजी करने में मजबूर हो जाएंगे जिसकी पूर्व जवाबदारी महाविद्यालय प्रबंधन की होगी।

## ननि द्वारा डा. सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा की सफाई कराई गई

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार दिनांक 04 अगस्त को नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा जोन क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 07 बोदाबाग स्थित सुभाष चौक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी थीम आधारित एक दिवसीय पर्यटन स्थलों, स्मारकों और उद्यानों का सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान के तहत डॉ. सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा साफ सफाई कराई गई साथ ही जेटिंग मशीन से धुलाई कराकर माल्यार्पण किया गया।

# सांसद की पहल पर राकेश कुमार यादव के कैंसर उपचार के लिए दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अस्पताल को राशि अंतरित की गई

**सीधी।** सांसद डॉ राजेश मिश्रा की पहल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए जिले के श्री राकेश कुमार यादव के कैंसर उपचार हेतु दो लाख रूपये का अनुदान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से स्वीकृत किया गया है। उक्त राशि एनईएफटी/आरटीजीएस के द्वारा सीधे अस्पताल के खाते में अंतरित की गई है। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि जिले के तहसील रामपुर नैकिन के ग्राम अहिरान टोला के श्री राकेश कुमार यादव कैंसर की बीमारी से पीड़ित है। उन्होने उपचार के लिए राशि हेतु आवेदन किया गया था। उनकी आर्थिक एवं शारीरिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री जी से आर्थिक सहायता हेतु अनुरोध किया गया थां सांसद ने प्रधानमंत्री जी द्वारा आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी लोगों के कष्ट को समझते है इसलिए मेरे एक अनुरोध पर ही सहदयता से उन्होने राशि स्वीकृत की है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी का ह्दय से आभार है। सांसद ने श्री राकेश कुमार यादव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)**
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 578 / खनिज / 2025 सीधी, दिनांक 31/07/2025

// प्रथम सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती रश्मि मुकेश तिवारी, पति श्री मुकेश तिवारी, निवासी वार्ड नं.–1 ग्राम–मुर्तला कोठार, तहसील–रामपुर नैकिन जिला–सीधी के द्वारा ग्राम–रामपुर, तहसील– रामपुर नैकिन, जिला–सीधी द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 16.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनॉक 06.08.2025 से 05.09.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | रामपुर नैकिन | रामपुर | 246 | 16.502 | शासकीय | मुरूम | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनॉक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र द्वारा तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष मे नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला सीधी (म.प्र.)

जी-16731/25



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)**
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 568 / खनिज / 2025 सीधी, दिनांक 29/07/2025

// प्रथम सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक सिद्धिदात्री मिनरल्स प्रा.लि. निवासी शास्त्री नगर सीधी, थाना कोतवाली, तहसील–गोपदबनास, जिला–सीधी द्वारा ग्राम–अकला, तहसील–मझौली, द्वारा पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 22.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनॉक 02.08.2025 से 01.09.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | मझौली | अकला | 235, 241, 244/2, 245 | 03.900 | निजी | ग्रेनाईट | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति मे उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनॉक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र द्वारा तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष मे नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला सीधी (म.प्र.)

जी-16729/25

## संपादकीय

# वनों की कटाई की वजह से खतरे में बाघ

देश भर के जंगलों में जिस तरह से अतिक्रमण और खनन के साथ मानवीय हस्तक्षेप बढ़ा है, उससे बाघों का सुरक्षित पर्यावास खतरे में है। वनों की लगातार कटाई ने उनके लिए आहर की चुनौतियां भी बढ़ा दी हैं। जंगलों के भीतर सड़कों के निर्माण और कोलाहल बढ़ने से प्राकृतिक माहौल का संतुलन बिगड़ा है। नतीजा यह कि अब बाघ जंगलों से बाहर निकल रहे हैं। भोजन-पानी की तलाश में भटकते ये वन्य जीव मनुष्यों के लिए तो खतरा बने ही हैं, साथ ही उनके जीवन पर भी संकट बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मनुष्यों और वन्य जीवों के बीच संघर्ष की घटनाओं में इजाफा हुआ है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है। इस रपट ने अभयारण्यों की देखरेख में बरती जा रही लापरवाही को भी उजागर किया है। सवाल है कि अभयारण्यों में आवाजाही के लिए बने गलियारों से बाघ और तेंदुए गांवों एवं शहरों तक कैसे पहुंच जाते हैं? क्या उनके लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं। क्या बाघों की निगरानी के लिए अब तक मजबूत तंत्र नहीं बन पाया है? अगर कहीं बाड़बंदी नहीं है और बाघ निर्धारित दायरे से बाहर निकलते हैं, तो समय रहते ऐसी घटनाओं का पता क्यों नहीं लगाया जाता। ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक के बावजूद बाघों की नियमित निगरानी क्यों संभव नहीं हो पा रही है। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या जंगलों में बाघों के लिए भोजन का अभाव है? मध्य प्रदेश में दो दशकों में जिस तरह वनों की कटाई हुई है, उसका परिणाम सामने हैं। यहां चार वर्ष के भीतर अभयारण्यों से बाहर निकले नब्बे बाघों की मौत कोई साधारण घटना नहीं है। शासन व प्रशासन को बाघों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। यह सब आधी-अधूरी योजनाओं से नहीं, बल्कि नवोन्मेषी उपायों से ही संभव हो पाएगा।

*दरअसल, राहुल को यह बात समझ में आ गई है कि बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत उसकी विचारधारा है और उस विचारधारा से जुड़े लाखों कार्यकर्ता हैं। वर्ष 2014 के बाद से हिंदुत्व की साख को बड़ा बल मिला है। 2019 की पराजय से राहुल को समझ में आया कि मोदी की जगह आरएसएस की विचारधारा से उन्हें लड़ना होगा और इसके लिए भाजपा के हिंदुत्व के बरक्स एक नई विचारधारा खड़ी करनी होगी। भारत जोड़ो यात्रा इस स्वीकारोक्ति की पहली झलक थी। उसके बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव से जाति-जनगणना की आक्रामक मांग, इसकी अगली कड़ी थी।*

# दलितों-पिछड़ों में पैठ बनाने के लिए व्याकुल कांग्रेस

(आशुतोष, वरिष्ठ पत्रकार)

कांग्रेस पार्टी को पुनर्जन्म की आस है। वह समझ गई है कि पुराने ढर्रे और पुराने छर्रों से पार्टी अपने पुराने वैभव को नहीं पा सकती है। उसे कुछ नया करना पड़ेगा। कुछ नया बुनना पड़ेगा। इस बात को कांग्रेस में सबसे ज्यादा राहुल गांधी समझते हैं। वह कांग्रेस का डीएनए बदल रहे हैं और बीजेपी के हिंदुत्व के समानांतर विचारधारा की नई इमारत खड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उनकी इस कोशिश की एक झलक भी दिखी और परिणाम भी दिखा।

दरअसल, राहुल को यह बात समझ में आ गई है कि बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत उसकी विचारधारा है और उस विचारधारा से जुड़े लाखों कार्यकर्ता हैं। वर्ष 2014 के बाद से हिंदुत्व की साख को बड़ा बल मिला है। 2019 की पराजय से राहुल को समझ में आया कि मोदी की जगह आरएसएस की विचारधारा से उन्हें लड़ना होगा और इसके लिए भाजपा के हिंदुत्व के बरक्स एक नई विचारधारा खड़ी करनी होगी। भारत जोड़ो यात्रा इस स्वीकारोक्ति की पहली झलक थी। उसके बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव से जाति-जनगणना की आक्रामक मांग, इसकी अगली कड़ी थी।

जाति जनगणना कांग्रेस के लिए बिल्कुल नई चीज थी। कांग्रेस ने कभी भी साफ तौर पर पिछड़ों और दलितों के सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ी थी। बाबा साहेब आंबेडकर और राम मनोहर लोहिया ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को वैचारिक आधार दिया, तो कांशीराम, वी पी सिंह, मुलायम सिंह यादव, लालू यादव, राम विलास पासवान, शरद यादव,



नीतीश कुमार और मायावती ने इसको चुनावी रणनीति में बदला। कांग्रेस इस दौरान ऊहापोह में ही रही। न तो वह मंडल कमीशन पर कोई साफ लाइन ले पाई और न ही राम जन्मभूमि आंदोलन पर। लिहाजा वह यूपी और बिहार में सिमट गई और केंद्र की सत्ता में कमजोर हो गई।

साल 2024 का चुनाव आते-आते कांग्रेस और राहुल को समझ में आ गया था कि सामाजिक न्याय की लड़ाई दरअसल हिंदू समाज के 84 प्रतिशत से जुड़ती है और अगर कांग्रेस ओबीसी व दलित तबके को अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब हो जाए, तो एक मजबूत सामाजिक आधार के साथ केंद्र की सत्ता में मजबूती से आ सकती है। बीजेपी के कुछ नेताओं ने संविधान बदलने की बात करके राहुल और कांग्रेस को नया हथियार दे दिया और नई विचारधारा के गठन में एक नया अवयव जुड़ गया। कांग्रेस का 'संविधान बचाओ' का नारा सिर्फ संविधान बचाने के लिए नहीं था, यह दलितों की पहचान और अस्मिता से जुड़ गया। दलित समाज, जिसे भारतीय इतिहास में कभी भी बराबरी का दर्जा नहीं मिला था, उसे बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान ने पहली बार बराबरी का अधिकार दिया। संविधान के जरिये यह भारतीय समाज में एक मूक क्रांति थी। दलित चेतना में विस्फोट हुआ। चार सौ पार के नारे ने दलितों के विश्वास को हिला दिया। यही कारण था कि यूपी और महाराष्ट्र में, जो दलित चेतना के दो बड़े स्तंभ हैं, बीजेपी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। राहुल जिस वैचारिक इमारत को खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, उसके तीन महत्वपूर्ण अवयव और सामाजिक आधार हैं- भारत जोड़ो से निकली धर्मनिरपेक्षता, जाति जनगणना से सामाजिक न्याय और संविधान बचाओ से दलित चेतना। इन तीन चेतनाओं के पीछे मजबूती से खड़ा है हिन्दुस्तान का अल्पसंख्यक, ओबीसी और दलित। ये कुल मिलाकर देश की आबादी का 80 से 85 प्रतिशत हिस्सा बनते हैं। ऐसे में, यह महज इत्तफाक नहीं है कि लोकसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस और राहुल आंबेडकरवादियों के बीच में जा रहे और उनके साथ संविधान बचाने के मुद्दे पर वार्ता कर रहे हैं। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि कांग्रेस का अचानक कायांतरण हो जाएगा। कांग्रेस को दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों से जुड़ने के लिए अभी कठिन मेहनत करनी होगी। जाहिर है, आने वाले दिनों में राजनीतिक लड़ाई और दिलचस्प होगी। दलितों व पिछड़ों की चेतना को अपना बनाने की कोशिश बीजेपी का हिंदुत्ववाद भी करेगा और कांग्रेस का सेकुलरवाद भी और इसके बीच से ही निकलेगी एक नई धारा।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## तेजी से बढ़ रही है शिक्षित घरेलू सहायिकाओं की मांग

विजय गर्ग

दोहरी आय वाले परिवारों की बढ़ती संख्या और दैनिक काम के लिए बाहरी सहायता पर बढ़ती निर्भरता के कारण शिक्षित घरेलू सहायक- सहायिकाओं (मेड) की मांग कई गुना बढ़ गई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रपट में यह जानकारी दी गई। भर्ती मंच के मुताबिक, विभिन्न शिक्षा स्तर वाले घरेलू सहायकों की भूमिकाओं में 2024 में सालाना आधार पर तेज वृद्धि हुई। इस दौरान 10वीं कक्षा से कम शिक्षा प्राप्त लोगों की मांग में 112 फीसद की वृद्धि हुई। स्नातकों के लिए मांग में 102 फीसद, 10वीं पास के लिए 94 फीसद और 12वीं पास उम्मीदवारों के लिए असाधारण रूप से 255 फीसद की वृद्धि हुई। रपट में कहा गया कि 12वीं पास और स्नातक मेड की संख्या में तेज वृद्धि दर्शाती है कि नियोक्ता बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल या घरेलू कामकाज संभालने जैसी भूमिकाओं के लिए अधिक शिक्षित व्यक्तियों की तलाश कर रहे हैं। रपट के मुताबिक, पढ़ी-लिखी सहायिका होने से घरेलू कामकाज में भी काफी आसानी होती है। खासतौर से उन घरों में जहां बच्चे होते हैं। पढ़ी-लिखी सहायिका होने पर घरेलू कामकाज के अलावा बच्चों पर भी ध्यान देने में आसानी होती है। खासतौर से बच्चों के गृह कार्य से संबंधित कामकाज में आने वाली दिक्कतें काफी हद तक दूर होती हैं। इसके अलावा छोटी-मोटी व्यावहारिक परेशानियों से निजात मिलती है। वर्कइंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक नीलेश डूंगरवाल ने बताया कि भारत का घरेलू रोजगार बाजार एक महत्त्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है। अनुभवी कर्मचारियों की बढ़ती मांग और आवेदनों में तेजी, एक विकसित होते घरेलू रोजगार पारिस्थितिकी तंत्र और नौकरी चाहने वालों के सामने आने वाली आर्थिक जरूरत, दोनों को दर्शाती है। रपट कहती है कि इससे घरेलू कामगारों के कौशल विकास का अवसर भी पैदा होता है, क्योंकि पेशेवर रूप से प्रशिक्षित और शिक्षित मेड की मांग सभी योग्यता स्तरों पर बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि कानून बनाने पर विचार करें- सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू कामगारों के अधिकारों की रक्षा के लिए कोई अखिल भारतीय कानून नहीं होने पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाने पर विचार करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, घरेलू कामगार एक आवश्यक कार्यबल हैं, बावजूद इसके उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कोई अखिल भारतीय कानून नहीं है। इसलिए वे नियोक्ताओं और एजेंसियों के शोषण का शिकार होते हैं। भारत में घरेलू कामगार काफी हद तक असुरक्षित हैं और उन्हें कोई व्यापक कानूनी मान्यता नहीं है। यही वजह है कि उन्हें कम वेतन, असुरक्षित वातावरण में काम करना पड़ता है।

# कचरे से कमाई

( अक्षय शुक्ला)

मोदी सरकार के पहले टर्म में शुरू हुए स्वच्छ भारत अभियान का काफी असर दिखा था। मार्केट से लेकर रेलवे प्लैटफॉर्म तक साफ-सुथरे दिखने लगे, आम लोग भी पब्लिक प्लेस में गंदगी फैलाने से बचने लगे थे। लेकिन बाद के टर्म में सरकार की प्राथमिकताएं बदलीं तो लोग भी सफाई के प्रति लापरवाह हो गए। एक बार फिर जगह-जगह गंदगी के ढेर दिखाई देने लगे हैं। खाने-पीने के बाद लोग खाली रैपर और ग्लास खुले में ही फेंक देते हैं। युवाओं को ऐसा करते देख आश्चर्य होता है, जिनसे सिविक सेंस की सबसे ज्यादा उम्मीद की जाती है। जिन एजेंसियों पर शहर को साफ-सुथरा रखने की ज़िम्मेदारी है, वे भी पूरी तरह बेपरवाह हो चुकी हैं। इसका पता हाल में जारी स्वच्छ सर्वेक्षण की रिपोर्ट से चल जाता है, जिसमें एनसीआर के कई शहर फिसड्डी साबित हुए हैं। इनमें हरियाणा को सबसे अधिक राजस्व देने वाला गुड़गांव और फरीदाबाद भी हैं। सड़क किनारे बिखरे पड़े कूड़े के ढेर इनकी खूबसूरती पर तो दाग लगा ही रहे, रैंक भी गिरा रहे हैं।

ये दोनों शहर अपने पड़ोसी नोएडा से ही कुछ सीख लें, जहां होटल, अस्पताल, सोसायटीज़ जैसे बल्क वेस्ट जनरेटर्स यानी जहां सौ किलो से अधिक कूड़ा निकलता है, उन्हें अपने परिसर में कंपोस्ट प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर कूड़े का निस्तारण खुद करना ज़रूरी कर दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर जुर्माने का प्रावधान है।

इधर हम बढ़ते कचरे का कोई हल नहीं निकाल पा रहे, उधर नॉर्वे जैसे साफ-सुथरे देशों को कचरा आयात करना पड़ रहा है। स्वीडन और यूके से आयातित कचरे से नॉर्वे बिजली पैदा कर रहा है। ओस्लो में 50 फीसदी से अधिक बिजली और हीटिंग कचरे को जलाकर पैदा की जा रही है।



हालांकि इतनी दूर क्या देखना, हमारे देश में भी कई शहर इस दिशा में मिसाल पेश कर रहे हैं। ठोस कचरे का बेहतरीन तरीके से प्रबंधन करने वाले इंदौर, चंडीगढ़ और अंबिकापुर को ही देखिए।

लगातार सात साल तक देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार जीतने वाले इंदौर ने चार आर के सिद्धांत से यह सफलता पाई। रिड्यूस, रीयूज़, रीसाइकल और रिफ्यूज़। इसके तहत सूखे और गीले कचरे को अलग कर उसकी रीसाइक्लिंग पर ज़ोर दिया गया। गीले कचरे से यहां बायो सीएनजी बनाई जा रही है।

चंडीगढ़ में हर रोज़ निकलने वाले करीब चार सौ टन कचरे को एकत्र करके पहले भंडारण केंद्रों और फिर वहां से लैंडफिल तक ले जाने का प्रोसेस काबिलेतारीफ है।

लेकिन सबसे अनोखी कहानी छत्तीसगढ़ के छोटे से शहर अंबिकापुर की है। तीन लाख तक की आबादी में सबसे स्वच्छ सिटी का अवॉर्ड इसने 8 बार जीता है। यहां गीले कचरे से खाद बनाई जा रही तो सूखे कचरे को रिसाइकिल कर नगर निगम अच्छी खासी कमाई कर रहा है। हर घर से कचरा उठाने वाली स्वच्छता दीदियों की फौज ने शहर की सीमा पर 14 एकड़ में फैले बरसों पुराने कचरे के पहाड़ को हरे-भरे पार्क में तब्दील कर दिया है।

इस लिस्ट में अब नया नाम जुड़ने जा रहा है कोच्चि का, जो ऐसी ही कोशिश करके देश का पहला कचरा मुक्त शहर बनने जा रहा है। इस अभियान पर काम करने वालों ने इसी महीने यह उपलब्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

क्या सारे शहर ऐसा नहीं कर सकते? विडंबना है कि आज के दौर में भी इस बेसिक सिविक सेंस के लिए स्वच्छता के अभियान चलाने पड़ रहे हैं। बहरहाल, बरसों से कूड़े की समस्या का समाधान ढूंढने की माथापच्ची करने वाले गुड़गांव के ज़िम्मेदारों से अपील है कि इस मामूली समस्या का समाधान करने के लिए विदेश का दौरा करने की ज़रूरत नहीं। अपने देश में ही इंदौर, अंबिकापुर, कोच्चि जैसे शहर हैं, जिनका मॉडल अपनाकर आप भी वाहवाही लूट सकते हैं। कोशिश तो कीजिए।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5813

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री जिन्होंने 10 सितंबर 1887 को जन्म लिया (8)
7. सत्पाह का दिन, आक्रमण या हमला करने करने की क्रिया (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
9. निर्जन, वीरान, सुनसान (2)
11. बल, शक्ति, फूंक, कुकर्मों से मन को हटाना (2)
13. इस वृक्ष की कड़वी छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
14. वह स्थान जहां पृथ्वी और आकाश मिलते हुए दिखाई पड़ते है (3)
17. गुणनकर्म, गुणित (2)
18. छड़ी, लाठी, लुकाठ (3)
20. जायज, विहित, जिसका खाना और पीना धर्म में वर्जित हो (उर्दू)(3)
21. हुक्म, आधिकारिक आदेश, फैसला किया हुआ (3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है प्राचीन काल में इसका नाम यवद्वीप था (2)
23. लपट, ज्वाला (1)
24. सिंह, शेर, बाघ (3)
25. काष्ठकर्मी, शिल्पकार, कारपेंटर (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
1. संतान न होना (8)
2. औषधि, चिकित्सा, उपाय, गुर (2)
3. दहेज, जिहेज, दायजा (5)
4. नेक, छलहीन, कल्याणकारी, सज्जन (2)
5. भोजन करने के लिए जनसमूह का एक पंक्ति में बैठना (3)
6. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हों (2)
10. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, संज्ञा, प्रसिद्धि (2)
12. बुद्धि, अक्ल, समझ, प्रज्ञा (2)
15. जल के देवता होने के कारण भगवान का एम नाम (5)
16. हरियाणा की एक प्रसिद्ध जाति (2)
17. वर्तमान दौर के प्रसिद्ध गीतकार जिनकी पुरानी फिल्मों की प्रसित्र अभिनेत्री रही हैं (4)
19. राजा जनक के नातियों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 5812 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | गां | डा | ■ | र | ह | मा | न |
| व | ■ | का | ना | फूं | सी | ■ | य |
| रा | त | ■ | लि | ■ | ना | दा | न |
| ज | य | कि | श | न | ■ | ■ | न |
| ■ | ■ | शो | ■ | न | ट | ख | ट |
| अ | ■ | रा | ज | द | ■ | र | ■ |
| जा | न | व | र | ■ | आ | गो | श |
| न | ■ | स्था | ■ | चौ | गा | न | ■ |

# संतुलित आदर्श जीवन

(श्री श्री आनन्दमूर्ति)

सच्चा साधक कौन है? सच्चा साधक वही है, जो अपने सांसारिक कर्तव्यों का भी पूर्ण रूप से निर्वहन करता है और आत्मिक उन्नति की ओर निरंतर बढ़ता रहता है। इन दोनों क्षेत्रों में संतुलन ही जीवन को आदर्श बनाता है। मनुष्य के जीवन में दो तरह के क्षेत्र होते हैं- एक बाहरी (भौतिक) और दूसरा भीतरी (आध्यात्मिक)। इन दोनों में संतुलन बनाए रखना ही आदर्श जीवन की पहचान है। भौतिक जीवन में दूसरों के साथ व्यवहार करते समय न्याय, समता और सहअस्तित्व का ध्यान रखना चाहिए। उदाहरण के लिए, किसी को भूखा न रहना पड़े, सबको पहनने के लिए कपड़े मिलें, बीमार होने पर इलाज मिल सके, रहने को घर हो, पढ़ाई का मौका मिले। यह है वस्तुपरक समायोजन। दूसरा पहलू है, अपने भीतर की ओर ध्यान देना। अपने मन, विचार और आत्मा को समझने की कोशिश करना।

**मनुष्य के जीवन में दो तरह के क्षेत्र होते हैं– एक बाहरी (भौतिक) और दूसरा भीतरी (आध्यात्मिक)। इन दोनों में संतुलन बनाए रखना ही आदर्श जीवन की पहचान है। भौतिक जीवन में दूसरों के साथ व्यवहार करते समय न्याय, समता और सहअस्तित्व का ध्यान रखना चाहिए।**

यह आध्यात्मिक यात्रा है।हम अपनी इंद्रियों को नियंत्रित करना सीखते हैं, फिर अपने मन को शांत करते हैं। फिर 'मैं कौन हूं' जैसी चेतना को महसूस करते हैं और अंततः आत्मा को परमात्मा से मिलाने की ओर बढ़ते हैं। यह प्रक्रिया ध्यान, साधना और आत्मचिंतन से होती है। मानव जीवन की यह यात्रा एक जन्म की नहीं है। यह विकास की लंबी श्रृंखला का परिणाम है, जिसमें जीव असंख्य योनियों की पीड़ा और अपमान सहकर मनुष्य बना है। इसलिए हमें न केवल अपने लिए, बल्कि सभी जीवों के लिए करुणा और दया का भाव रखना चाहिए। आज का सबसे बड़ा संकट यह है कि मनुष्य भौतिक जीवन में इतना उलझा हुआ है कि आत्मिक उन्नति के लिए समय ही नहीं निकाल पाता। यही आज की सबसे बड़ी त्रासदी है। इसलिए पहले एक स्वस्थ और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना करना आवश्यक है, जहां हरेक व्यक्ति को अपने आध्यात्मिक विकास के लिए पर्याप्त समय और अवसर मिल सके।पहले इंद्रियों को चित्त में, चित्त को अहंकार में, अहंकार को ज्ञान में और ज्ञान को जीवात्मा में लीन करना है। अंततः जीवात्मा को परमात्मा में विलीन करना ही जीवन की परम सिद्धि है। इस प्रकार, एक आदर्श जीवन वह है, जिसमें व्यक्ति अपने भौतिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करते हुए आत्मिक उत्थान की दिशा में भी निरंतर अग्रसर होता है। समाज में समता, करुणा और आध्यात्मिकता की स्थापना ही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य है।इस संसार में मानव जीवन भौतिक सुख- सुविधाओं तक सीमित नहीं है। इसका गहरा उद्देश्य आत्मिक विकास है। जीवन की सर्वोच्च सिद्धि तब मानी जाती है, जब हम अपनी आत्मा को परमात्मा में विलीन कर दें।

# आज का राशिफल

### मेष
आज छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करने के लिए उन लोगों की सहायता की जरूरत पड़ सकती है, जो आपके विरोध में खड़े रहते हैं। लेकिन अगर आप समझदारी और चतुराई से योजना बनाकर हर काम करते हैं तो कठिन से कठिन परिस्थिति को संभाल सकते हैं। साथ ही, कार्यों में सफलता भी प्राप्त करेंगे।

### वृष
आज कुछ मुश्किलों और बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर एक साथ कई काम करने पड़ सकते हैं। इसी के चलते आपको प्रेशर भी महसूस होगा। समय के अनुसार चलने से आपको कई बातें समझ आ सकती हैं। व्यापार के मामले में आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना पड़ सकता है।

### तुला
आज काम धंधा सामान्य गति से चलेगा। लेकिन आपको कोई भी जोखिम भरा कार्य करने या निर्णय लेने से बचना होगा। नौकरी करने वालों को आज किसी काम में सफलता मिल सकती है। व्यापार में नई योजनाओं को आगे बढ़ाने से आपको लाभ हो सकता है और आय में भी वृद्धि हो सकती है।

### वृश्चिक
आज कुछ बदलावों का सामना करना पड़ सकता है और कई उतार-चढ़ाव का अनुभव भी करेंगे। व्यापार के मामले में आपको संतुलन बनाए रखना होगा, अन्यथा हानि हो सकती है। कार्यस्थल पर आपको कुछ विरोधियों का सामना भी करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य पर भी खास ध्यान दें और परिवार में कटु वाणी के प्रयोग से बचें।

### मिथुन
आज कार्यक्षेत्र में कामकाज सही गति से चलेगा और आपके ऊपर से काम का प्रेशर भी थोड़ा कम होगा। ऐसे में अपने निजी जीवन पर लंबे समय बाद आपको सोच-विचार करने का मौका मिलेगा। आने वाले कुछ मौकों को ध्यान में रखते हुए आपको अपने वस्त्र का ख्याल भी रखना होगा।

### कर्क
आज एक साथ कई सारे काम करने पड़ सकते हैं। इसी के चलते आप ज्यादा व्यस्त रहेंगे और भागदौड़ में लगे रहेंगे। व्यापार के मामले में आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है,वहीं, अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए आपको नए संपर्क बनाने होंगे और लोगों से मुलाकात करनी होगी।

### धनु
आज आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल होगा। आपको कहीं से धन लाभ हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोग अपने काम में व्यस्त रहेंगे और अपनी कमाई से कुछ चीजें खरीदने से आपको खुशी महसूस होगी। पारिवारिक जीवन में खुशहाली बनाए रखने के लिए आपको मेहनत करनी होगी।

### मकर
आज कारोबार को आगे बढ़ाने की योजनाएं भी बनाई जा सकती हैं। नौकरी करने वालों को किसी अच्छे काम का पुरस्कार प्राप्त हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। घर का माहौल शांत और खुशहाल बना रहेगा। आप अपने वैवाहिक और पारिवारिक जीवन पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

### सिंह
आज आपका दिन भागदौड़ भरा रह सकता है और एक साथ कई काम पूरे करने पड़ सकते हैं। व्यापार में सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर आगे बढ़ने से आपको लाभ प्राप्त होगा। इससे आपका कामकाज अच्छा चलेगा। इसके अलावा, लव लाइफ में रोमांस बढ़ेगा।

### कन्या
आज आपका दिन ज्यादा अच्छा नहीं रहने वाला है। आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना बेहतर होगा। आर्थिक मामलों में भी जल्दबाजी दिखाने से बचें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। आप अपने लव लाइफ पर आज ज्यादा ध्यान दे सकते हैं।

### कुंभ
आज कार्यक्षेत्र में विवाद उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में आपको शांति और संयम बनाए रखना होगा। क्रोध करने से स्थिति बिगड़ सकती है। कार्यस्थल पर आप योजना बनाकर चलने से सभी कार्यों को समय पर पूरा कर सकते हैं। साथ ही, कोई नई डील भी प्राप्त हो सकती है। परिवार में चल रही समस्याओं को शांति बैठकर सुलझाना होगा।

### मीन
आज दिन शुभ रहेगा और आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। अगर आप कार्यस्थल पर अपने प्रोजेक्ट या जरूरी कार्यों को गंभीरता से पूरा करते हैं, तो इससे उन्नति प्राप्त हो सकती है। समय का साथ मिलने से आपके लिए सफलता के नए दरवाजे भी खुलेंगे और जीवन में खुशियां दस्तक देने लगेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अगले 5 साल में 80 फीसदी नौकरियां एआई के चलते खत्म होंगी,!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दशकों पहले कंप्यूटर के आने पर जैसी हलचल मची थी, वैसी ही स्थिति अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर देखी जा रही है। कोई इसे लेकर आशंकित है कि नौकरियां चली जाएंगी तो कुछ लोगों को लगता है कि इससे तमाम काम आसान और पारदर्शी होंगे। इस बीच भारतीय अमेरिकी निवेशक विनोद खोसला ने बड़ा अनुमान जाहिर किया है। उनका कहना है कि अगले 5 सालों में 80 फीसदी नौकरियां खत्म हो जाएंगी। इन नौकरियों में लगे लोगों का काम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से होने लगेगा। यही नहीं उन्होंने छात्रों को भी जागरूक करते हुए कहा कि भविष्य के छात्रों को स्पेशलिस्ट बनने की बजाय जनरलिस्ट बनना होगा यानी उन्हें तमाम चीजों की जानकारी रखनी होगी।

### मलेरिया के खिलाफ भारत की स्वदेशी वैक्सीन, आईसीएमआर ने की तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बायोटैक्नोलॉजी विभाग के साथ मिलकर मलेरिया रोधी वैक्सीन को तैयार किया है। अब इस वैक्सीन को बाजार में उतारने के लिए परिषद ने प्राइवेट कंपनियों आवेदन करने का आग्रह किया है। हालांकि इस मामले के जानकार लोगों के मुताबिक इस वैक्सीन को पूरी तरह से तैयार होने में और बाजार में आने में अभी भी करीब 6 से 7 साल लगने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक इस स्वदेशी वैक्सीन को पूरी तरह से तैयार होने में अभी कई चरणों से गुजरना होगा। सबसे पहले इसे गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस और प्रोडक्शन, टॉक्सिलॉजी की कसौटी पर खरा उतरना होगा, जिसमें कम से कम 2 साल का समय लगेगा। उसके बाद क्लिनिकल ट्रायल, जिसमें रेग्यूलेटरी अप्रूवल भी शामिल होगा, इसमें भी कम से कम दो साल का समय लगेगा। इसके बाद फेज 2बी और फेज 3बी के भी क्लीनिकल ट्रायल होंगे इसमें भी दो से तीन साल का समय लगेगा। इसके बाद व्यावसायिक लाइसेंस लेने में भी कम से कम 6 महीने का समय लग जाएगा। आपको बता दें आईसीएमआर द्वारा तैयार की जा रही एडफाल्सीवैक्स नामक यह स्वदेशी वैक्सीन प्लाजमोडियम फाल्सीपेरम (मलेरिया का सबसे घातक परजीवी) के दो प्रमुख चरणों को प्रभावित करती है। इस वैक्सीन को लेक्टोकोकस लैक्टिस नामक एक सुरक्षित खाद्य-स्तर के जीवाणु पर प्रयोग करके बनाया गया है। यह वैक्सीन एक काइमेरिकी तरीके के वैक्सीन है, इसका मतलब यह है कि इसको कई तरीके के आनुवांशिक सामग्री मिलाकर एक हाइब्रिड संरचना बनाकर तैयार किया जाता है।

### बालासोर आत्मदाह मामले में दो एबीवीपी नेता गिरफ्तार, छात्रा को उकसाने का आरोप

**बालासोर, एजेंसी।** ओडिशा के बालासोर स्थित फकीर मोहन कॉलेज में 20 वर्षीय छात्रा को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में एबीवीपी के दो नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। छात्रा ने अपने विभागाध्यक्ष के खिलाफ ही यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। इसके बाद छात्रा ने खुद को आग लगा ली। 95 फीसदी से ज्यादा जलने की वजह से छात्रा की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'गिरफ्तार किए गए लोगों में कॉलेज की छात्रा ज्योति प्रकाश बिस्वाल शामिल है जो उक्त छात्रा को बचाने के प्रयास में झुलस गई थी। इसके अलावा छात्र संगठन की राज्य इकाई के संयुक्त सचिव शुभ्रा संबैत नायक को गिरफ्तार किया गया है।'बिस्वाल को हाल ही में कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। जानकारी के मुताबिक छात्रा जब दिक्कतों का सामना कर रही थी, तभी कुछ छात्रों ने उसे उकसाया। यह भी बताया जा रहा है कि उन स्टूडेंट्स ने आत्मदाह के प्रयास में छात्रा की मदद भी की थी। अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार देर रात उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले, कॉलेज में सहायक प्रोफेसर समीरा कुमार साहू और संस्थान के पूर्व प्राचार्य दिलीप घोष को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। यूजीसी की टीम ने भी कॉलेज के प्रिंसिपल और आंतरिक शिकायत समिति से पूछताछ की थी। आईसीसी ने रिपोर्ट में कहा था कि यौन उत्पीड़न के आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला।

# कुछ लोग सत्ता साझा करना ही नहीं चाहते: डीके शिवकुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कर्नाटक में शीर्ष पद को लेकर मची खींचतान के बीच उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एक बार फिर अपने बॉस और राज्य के सीएम सिद्धारमैया को टेंशन दे दी है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पार्टी के ही एक कार्यक्रम में उन्होंने सत्ता साझा करने को लेकर गांधी परिवार की प्रशंसा करते हुए कुछ तीखी टिप्पणियाँ कीं, जिससे यह बात फिर निकलकर सामने आ गई है कि कर्नाटक में अपने बॉस के साथ उनकी सियासी खींचतान की रार अभी थमी नहीं है।

दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संवैधानिक चुनौतियाँ नामक एक कार्यक्रम में राजनीति में सत्ता के बँटवारे पर बात करते हुए, शिवकुमार ने गांधी परिवार की प्रशंसा की और साथ ही कांग्रेस के साथ अपने लंबे कार्यकाल और कर्नाटक में पार्टी को सत्ता में लाने के अपने प्रयासों को भी उजागर करने की कोशिश की।

डी के शिवकुमार ने कहा कि भारत कांग्रेस की वजह से एकजुट रहा है और गांधी परिवार ने पार्टी को एकजुट रखा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2029 में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना सुनिश्चित करने के लिए एक टीम के रूप में योगदान देने का आग्रह किया। शिवकुमार ने वकील समुदाय से आग्रह



किया कि वे राहुल गांधी के सुझाव के अनुसार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कानूनी इकाई बनाकर प्रत्येक भारतीय के मताधिकार की रक्षा में मदद करें। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कहा, ''कांग्रेस का इतिहास देश का इतिहास है, कांग्रेस की ताकत देश की ताकत है। गांधी परिवार ने कांग्रेस परिवार को एकजुट रखा है और कांग्रेस ने देश को एकजुट रखा है। अन्यथा हमारा देश कई टुकड़ों में बंट जाता।'' शिवकुमार 'संवैधानिक चुनौतियां: परिप्रेक्ष्य और रास्ते' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय विधिक सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कर्नाटक से आठ बार विधायक चुने गए शिवकुमार ने उन दिनों को याद किया जब वह तिहाड़ जेल में बंद थे और वहां से बाहर आने में वकीलों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने सोनिया गांधी को तिहाड़ जेल में उनसे मिलने के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख बनाने के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया। शिवकुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा का मुकाबला करने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा, ''यह केवल एक राजनीतिक एजेंडा नहीं है, हम सभी को एक साथ आना होगा। एक साथ आना शुरुआत है और आप सभी का एक साथ मिलकर काम करना प्रगति है। आप सभी को एक साथ काम करना होगा और 2029 में आपको फिर से देश को उस स्थिति में लाना होगा।'' सोनिया गांधी के त्याग की सराहना उन्होंने कहा, ''कांग्रेस पार्टी ने बहुत प्रतिबद्धता के साथ इस देश को बचाया है। आप सभी के पास एक उचित एजेंडा होना चाहिए और 2029 में आप देखेंगे कि जब राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। यही आपकी प्रतिबद्धता होनी चाहिए।'' उन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सोनिया गांधी द्वारा किए गए ''त्याग'' की भी सराहना की। उन्होंने इसे राजनीतिक बलिदान का एक अद्वितीय कार्य बताते हुए कहा, जब राष्ट्रपति ने सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए कहा, तो उन्होंने कहा, मेरे लिए सत्ता महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने फैसला किया कि एक सिख, एक अल्पसंख्यक और एक अर्थशास्त्री देश को बचा सकते हैं और उन्हें प्रधानमंत्री बनना चाहिए। पद का भी त्याग करता है? पंचायत स्तर पर भी, कई लोग ऐसा नहीं करते। कुछ विधायक और मंत्री सत्ता साझा करते हैं, लेकिन हममें से कुछ लोग सत्ता साझा करने के लिए भी सहमत नहीं होते। हालांकि डीके शिवकुमार ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके और सिद्धारमैया के बीच सत्ता-साझाकरण समझौते की लगातार अटकलों की पृष्ठभूमि में उनकी यह टिप्पणी अहम है। बता दें कि सिद्धारमैया ने हाल ही में ऐसी चर्चाओं पर विराम लगाते हुए कहा था कि कर्नाटक में सत्ता-साझाकरण का कोई समझौता नहीं हुआ है और वह कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में पूरे पाँच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।

## डांस बार में तोड़फोड़ मामले में एमएनएस कार्यकर्ताओं पर कसा शिकंजा



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के 15 कार्यकर्ताओं के खिलाफ पनवेल में एक डांस बार में तोड़फोड़ करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह घटना पार्टी प्रमुख राज ठाकरे द्वारा एक सार्वजनिक भाषण के दौरान रायगढ़ जिले में अवैध बारों पर तीखा हमला करने के कुछ ही घंटों बाद हुई थी। मामला दर्ज करने की जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कुछ लोग शनिवार देर रात पनवेल के बाहरी इलाके में 'नाइट राइडर्स बार' में घुसते हुए, वहां फर्नीचर में तोड़फोड़ करते हुए, शराब की बोतलें तोड़ते हुए और संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

इस घटना से कुछ घंटे पहले स्व्हस प्रमुख राज ठाकरे ने रायगढ़ में पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) की एक रैली को संबोधित करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि पर डांस बार के संचालन की निंदा की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्व्हस पदाधिकारी योगेश चिले और 15 अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और इसकी जांच चल रही है। इस बीच, एमएनएस नेता संदीप देशपांडे ने बार में तोड़फोड़ की घटना का बचाव करते हुए इसे प्रतीकात्मक विरोध बताया है। उन्होंने कहा, सरकार को इन अवैध बारों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। क्या वे बार चला रहे हैं या उसे बचा रहे हैं? अगर वे इन्हें बंद नहीं करेंगे, तो लोग कार्रवाई करेंगे।

## आदिवासी चेतना के प्रतीक थे गुरुजी, शिबू सोरेन के निधन पर अशोक गहलोत ने दी श्रद्धांजलि

**जयपुर, एजेंसी।** झारखंड की राजनीति में आदिवासी अधिकारों की बुलंद आवाज रहे और राज्य निर्माण आंदोलन के केंद्र में रहे शिबू सोरेन का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनके निधन की जानकारी उनके पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए साझा की। विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी शिबू सोरेन के निधन पर शोक जताया और उन्हें आदिवासी चेतना का प्रतीक बताया। अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। जमीन से जुड़े नेता शिबू सोरेन ने पूरा जीवन आदिवासी समाज के कल्याण एवं उनके हितों के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि 'गुरुजी' के रूप में लोकप्रिय शिबू सोरेन ने न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में आदिवासी समाज की आवाज़ को मजबूती से उठाया।

# दिल्ली में सांसद की छीन ली चेन, मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं कांग्रेस की सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश की राजधानी दिल्ली में अब नेता भी सुरक्षित नहीं दिख रहे। कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन की आज सुबह दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में चेन छीन ली गई। सांसद तमिलनाडु भवन में रहती हैं। दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। ये घटना तब हुई जब सुधा रामकृष्णन सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर गई थीं। इस दौरान बदमाश आए और उनकी चेन छीन फरार हो गए।

फिलहाल, दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. दूसरी ओर, विपक्षी दल आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रेखा गुप्ता सरकार से सवाल करने भी शुरू कर दिए हैं. कांग्रेस सांसद ने खुद गृहमंत्री अमित शाह को अपने साथ हुई वारदात की जानकारी दी है.

सांसद आर. सुधा ने अमित शाह को लिखा पत्र

तमिलनाडु के मयिलादुथुराई लोकसभा क्षेत्र से सांसद आर. सुधा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा. उन्होंने इस पत्र के जरिए बताया है कि आज सुबह चाणक्यपुरी इलाके में पोलैंड दूतावास के पास उनकी सोने की चेन छीन ली गई. इस घटना में उन्हें कई जगह चोटें आई हैं. महिला सांसद ने गृह मंत्री अमित शाह से अपील की है कि



अधिकारियों को अपराधी का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के निर्देश दें.

**दिल्ली में ऐसी वारदातें आम बात- सौरभ भारद्वाजत्र**

सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया एक्स पर एक लंबा पोस्ट करते हुए दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने लिखा, दिल्ली में ये कोई नई बात नहीं है. दिल्ली में चेन, मोबाइल स्नैचिंग इतना आम हो गया है कि लोग अब एफआईआर भी नहीं दर्ज करवाते. उन्हें पता कि उनका समय ही व्यर्थ होगा. सौरभ भारद्वाज ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि दिल्ली में महिला सांसद के साथ सुबह 6.00 बजे चेन स्नैचिंग की वारदात हुई है. बताया जा रहा है कि बाइक सवार बदमाशों ने उनकी सोने की चेन खींची और फरार हो गए. सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के लोग यह बात जानते हैं कि पुलिस में स्वढ्क्र कराने गए तो कुछ नहीं होने वाला. केवल समय की बर्बादी होगी. आप नेता ने आगे कहा कि इसमें पूरा दोष पुलिस का नहीं है. दिल्ली पुलिस में हज़ारों पद खाली पड़े हैं और सरकार भर्तियां नहीं करना चाहती. जो हैं भी वो वीआईपी सिक्योरिटी और आम आदमी पार्टी के लोगों को फंसाने में व्यस्त हैं. पुलिस का राजनीतिकरण हो चुका है. उनका आकलन काम से नहीं, राजनैतिक कार्यों से किया जाता है. उसी आधार पर पोस्टिंग दी जाती है. सौरभ भारद्वाज ने आगे लिखा कि दिल्ली की महिलाएं अब मॉर्निंग वॉक पर चेन पहन कर नहीं निकलतीं. बहुत सावधान रहती हैं, क्योंकि उनका मानना है कि चैन से जीना है तो चेन घर रखिये. ये

## सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब घोटाले में दायर चार्जशीट में लालू परिवार के कई सदस्यों पर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए जमीन के बदले नौकरी देने के मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आरोप लगाया है कि बिहार के रहने वाले एक शख्स ने अपने बेटे को रेलवे में नौकरी दिलाने के लिए साल 2005 में अपनी दो जमीनें तेजस्वी और तेजप्रताप को गिफ्ट डीड कर दी थी। ये जमीनें लालू यादव के दोनों बेटों के नाम तब लिखी गई थीं, जब वे नाबालिग थे। सीबीआई ने कोर्ट में दाखिल अपनी चार्जशीट में ये आरोप लगाए हैं और दावा किया है कि ऐसा रेलवे में नौकरी पाने के लिए किया गया था।

सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब घोटाले में दायर चार्जशीट में लालू यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव समेत अन्य के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

राबड़ी देवी के संरक्षण में जमीनें हस्तांतरित इकनॉमिक टाइम्स की एक



रिपोर्ट में आरोप पत्र के हवाले से कहा गया है कि रेलवे में अपने बेटे को नौकरी दिलाने की चाहत रखने वाले पिता ने 14 जून, 2005 को गिफ्ट डीड के जरिए मात्र 5,700 रुपये लेकर तेजस्वी यादव और उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव के नाम उनकी माँ राबड़ी देवी के संरक्षण में दो जमीनें हस्तांतरित की थीं। उस समय दोनों भाई नाबालिग थे। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि इल डीड के लिए स्टांप शुल्क सर्किल रेट और बाजार दर से कम चुकाया गया था। सीबीआई ने आरोपपत्र में आरोप लगाया गया है कि जिन लोगों को अपनी जमीन के बदले रेलवे में नौकरी मिली, उनके रिश्तेदारों ने अपनी जमीनें लालू प्रसाद के परिवार को उस सर्किल रेट पर दे दीं जो मौजूदा मार्केट रेट से चार से छह गुना कम थे। आरोप पत्र में कहा गया है कि लालू परिवार के नाम जमीन लिखने वाले सभी आरोपियों ने दावा किया है कि उन्हें लालू परिवार से नकद में भुगतान किया गया था।

सीबीआई ने आरोप पत्र में यह भी दावा किया है कि लालू यादव जब रेल मंत्री थे, तब उनके करीबी भोला यादव ने गांव में जाकर कहा था कि अपने परिजनों को नौकरी दिलाने के एवज में अपनी-अपनी जमीन लालू परिवार के नाम कर दीजिए। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में कुछ ऐसे मामलों का भी उल्लेख किया है जहाँ आरोपियों ने लालू परिवार, खासकर उनकी पत्नी राबड़ी देवी (बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री) को 3.75 लाख रुपये के सर्कल रेट पर अपनी जमीन बेचने का दावा किया है। सीबीआई के अनुसार, 2008 में उन भूखंडों का प्रचलित सर्कल रेट 4.21 लाख था। सीबीआई ने दावा किया है कि मार्केट रेट सर्कल रेट से चार से छह गुना ज्यादा थी।

## दिल्ली में खतरे के निशान को पार करने को आमादा यमुना, निचले इलाकों में एडवाइजरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में यमुना नदी की लहरें एकबार फिर डराने लगी हैं। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 204.14 मीटर के निशान तक पहुंच गया है। यह 204.5 मीटर के चेतावनी स्तर के काफी करीब है। बताया जाता है कि हरियाणा और उत्तराखंड के ऊपरी क्षेत्रों में लगातार बारिश की वजह से यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंकाएं पैदा कर दी हैं। इस बीच प्रशासन की ओर से निचले इलाकों के लोगों को एडवाइजरी जारी की गई है।

हालांकि राहत की बात यह है कि मौजूदा वक्त में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। लेकिन दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2023 में दिल्ली में यमुना ने तबाही मचाई थी। तब यमुना का उच्चतम जलस्तर 208.66 मीटर दर्ज किया गया था।

जुलाई 2023 में यमुना में बाढ़ से दिल्ली के यमुना बाजार, राजघाट और सिविल लाइंस जैसे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई थी। अधिकारियों ने कहा कि हथिनीकुंड बैराज का पानी नदी में आता है। लगातार हो रही बारिश के साथ इस बैराज का पानी भी यमुना के बढ़ते जलस्तर की वजह हो



सकता है। यदि यमुना के जलस्तर बढ़ने की स्थिति जारी रही तो अगले 24 से 48 घंटों में यह चेतावनी के निशान को पार कर जाएगा।

प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सलाह जारी की है कि वे नदी के उफान को देखते हुए उसके किनारों के पास ना जाएं। वहीं उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लोग बाढ़ का सामना कर रहे हैं। गंगा और यमुना नदियों का पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है।

प्रयागराज में एसडीआरएफ की टीमें बचाव अभियान चला रही हैं। नावें तैनात की गई हैं। टीमें जरूरतमंद लोगों से संपर्क कर उन्हें निकाल रही हैं। कल शाम 4 बजे तक नैनी में यमुना का जलस्तर 85.06 मीटर तक पहुंच गया था।

# बिहार के बाद असम में भी बनेगी नई वोटर लिस्ट, सीएम हिमंत सरमा ने ही उठा दिए सवाल

**गुवाहटी, एजेंसी।**
बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके बाद असम में भी नई वोटर लिस्ट बनाने का काम शुरू हो सकता है। हालांकि चुनाव आयोग के इस फैसले को लेकर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा भी खुश नहीं हैं। वह पहले भी कह चुके हैं कि किसी और प्रदेश की नकल करके असम की समस्याओं को खत्म नहीं किया जा सकता। सीएम सरमा का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की गई एनआरसी की फाइनल लिस्ट तैयार होने के बाद इसी आधार पर वोटर लिस्ट तैयार की जा सकती है।

इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयोग ने असम में एसआईआर की तैयारी शुरू कर दी है। असम में अगले साल की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (ब्ल्ह) की नियुक्ति करके उनकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक शिक्षण कार्य से जुड़े लोगों को बीएलओ बनाया गया है। गर्मी की छुट्टियों के दौरान ही उन्हें बीएलओ की ट्रेनिंग दी जाने लगी है।

एक बीएलओ ने कहा, ट्रेनिंग के दौरान बीएलओ और एसआईआर के बारे में बताया जा रहा था। हमें बताया जा रहा था कि एसआईआर के दौरान कौन से दस्तावेजों को स्वीकार करना है। इसमें जन्म प्रमाणपत्र, फोटो, मां-



बाप की वोटर आईडी और निवास प्रमाणपत्र जरूरी होगा। इसके अलावा किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटाने के लिए मृत्यु प्रमाणपत्र की जरूरत होगी।


सीएम सरमा ने कहा था कि वोटर लिस्ट में संशोधन करने से घुसपैठ का इलाज नहीं हो सकता है। बता दें कि 6 साल के आंदोलन के बाद असम समझौता हुआ था जिसके मुताबिक 24 मार्च 1971 के बाद अवैध रूप से असम आने वाले लोगों को भारत का नागरिक नहीं माना गया है। वहीं बिहार में एसआईआर को लेकर सरमा ने कहा, हमने यहां एनआरसी करवाया है। अब यहां एसआईआर से क्या हासिल होगा। किसी और प्रदेश में क्या हो रहा है, इससे असम की समस्या दूर नहीं की जा सकती। सीएम सरमा ने कहा कि अगर सूची में संशोधन किया भी जाता है तो एनआरसी को दस्तावेजों में शामिल किया जाना चाहिए और एनआरसी की फाइनल लिस्ट आने तक इंतजार करना चाहिए। बता दें कि असम ऐसा पहला प्रदेश है जिसमें एनआरसी करवाई गई थी। 31 अगस्त 2019 को एनआरसी की ड्राफ्ट सूची जारी की गई थी। इसमें कुल 3.3 करोड़ आवेदको में से 19.6 लाख लोगों को लिस्ट से बाहर रखा गया था। हालांकि रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने इसे नोटिफाई नहीं किया है। केंद्र सरकार इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीती लगातार सातवीं टी20 सीरीज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। इस टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में सोमवार को खेले गए तीसरे टी20 मैच को 13 रन से अपने नाम किया। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को लगातार सातवीं बार टी20 सीरीज में मात दी है। पाकिस्तान ने साल 2011 में वेस्टइंडीज का दौरा किया, जिसमें मेहमान टीम इकलौते टी20 मैच को गंवा बैठी। इसके बाद साल 2013 में पाकिस्तान ने इस टीम के विरुद्ध सीरीज के दोनों मैच अपने नाम किए। 2016/17 में पाकिस्तान ने तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया, जबकि साल 2017 में सीरीज 3-1 से अपने नाम की। पाकिस्तान की टीम ने साल 2018 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध एक बार फिर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। साल 2021 में टी20 सीरीज चार मुकाबलों की थी, लेकिन सीरीज के तीन मुकाबले बेनतीजा रहे। शेष इकलौते मैच को पाकिस्तान ने सात रन से अपने नाम कर सीरीज 1-0 से जीती। 2021/22 में पाकिस्तान ने अपनी सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसके बाद अमेरिका में उसने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर लगातार सातवीं टी20 सीरीज जीत ली है। फ्लोरिडा में चार अगस्त को खेले गए मुकाबले की बात करें, तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए चार विकेट खोकर 189 रन बनाए। साहिबजादा फरहान और सईम अयूब ने पहले विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की। फरहान 53 गेंदों में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सईम अयूब ने 49 गेंदों में दो छक्कों और चार चौकों के साथ 66 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से जेसन होल्डर, रोस्टन चेज और शमर जोसेफ ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। टीम के लिए एलिक एथनाज ने 40 गेंदों में 60 रन की पारी खेली, जबकि शेरफन रदफोर्ड ने 35 गेंदों में 51 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पाकिस्तान के लिए हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ, सईम अयूब और सुफियान मुकीम ने एक-एक शिकार किया।

# विश्व चैंपियनशिप ट्रायल्स में अंतिम पंघाल आसानी से जीतीं, वैष्णवी और मनीषा भी भारतीय टीम में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिम ने रविवार को आईजी स्टेडियम में हुए ट्रायल्स के दौरान अपनी रणनीति के साथ आक्रामक रुख अपनाया। पूजा के खिलाफ उनकी रणनीति कारगर रही। अंतिम ने पहले ही मौके पर 'फितले' का इस्तेमाल किया। महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने रविवार को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल्स में 53 किग्रा भार वर्ग में बिना किसी परेशानी के भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किग्रा) और मनीषा भानवाला (62 किग्रा) ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ क्वालिफाई किया।

अंतिम 20 साल की उम्र में सीनियर विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश की पूजा और गुजरात की हिनाबेन को बिना एक भी अंक गंवाए हराया और विजेता बनीं। अंतिम ने 2022 में देश की पहली अंडर-20 विश्व चैंपियन बनकर सुर्खियां बटोरी थीं और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई किया था। लेकिन वह ओलंपिक में विवादों में घिर गई थीं। पेरिस में मैट में उनका प्रदर्शन फीका रहा और उन्होंने अपनी बहन को अपने मान्यता कार्ड पर खेल गांव भेजकर बड़ा विवाद भी खड़ा कर दिया था। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार किया लेकिन ऐसा नहीं किया।

# जसप्रीत बुमराह को लगी एक और चोट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओवल टेस्ट में नहीं खेले और इसकी वजह अब सामने आई है. ऐसा माना जा रहा था कि बुमराह को आराम दिया गया है लेकिन रिपोर्ट्स हैं कि वो चोटिल हो गए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को इस बार घुटने में चोट लगी है. बता दें 31 जुलाई को जब ओवल टेस्ट का आगाज हुआ था उसी दिन बुमराह को टीम इंडिया से रिलीज कर दिया गया था. बीसीसीआई ने प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी थी. लेकिन अब उन्हें रिलीज करने की वजह सामने आ गई है.

### बुमराह को लगी चोट गंभीर?

रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को घुटने में चोट लगी. अच्छी बात ये है कि बुमराह की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और उसकी सर्जरी नहीं होगी. हालांकि बुमराह के घुटने का स्कैन कराया गया है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम को उनकी स्कैन रिपोर्ट्स का इंतजार है. ऐसी खबर है कि 31 साल का ये गेंदबाज बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिकवरी के लिए जाएगा. वहां उनपर काम किया जाएगा ताकि वो भविष्य में होने वाले मैचों के लिए फिट हो सकें. हालांकि ऐसी खबरें भी हैं कि बुमराह एशिया कप नहीं खेलेंगे. एहतियातन उन्हें आराम दिया जाएगा.

### बुमराह के लिए इंग्लैंड दौर अच्छा नहीं रहा

जसप्रीत बुमराह के लिए इंग्लैंड का दौरा औसत रहा. ये खिलाड़ी सीरीज में 3 टेस्ट मैच खेला जिसमें उन्होंने 14 विकेट हासिल किए. बड़ी बात ये है कि बुमराह ने दो टेस्ट मैचों में पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया लेकिन इसके बावजूद वो 14 ही विकेट हासिल कर सके.

# ओवल टेस्ट जीता भारत सीरीज 2-2 से बराबर



**लंदन, एजेंसी।** भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक जीत दिलाई। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर जीत भारत की झोली में डाल रही। द ओवल में गुरुवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 224 और इंग्लैंड ने 247 रन बनाए। 23 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बना दिए। इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट मिला। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 300 रन बना दिए थे। तभी हैरी ब्रूक सेंचुरी लगाकर आउट हो गए।

यहां से भारत ने 354 तक इंग्लैंड के 8 विकेट गिरा दिए। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन सिराज ने आखिरी विकेट लेकर भारत को करीबी जीत दिला दी। इंजर्ड क्रिस वोक्स भी लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

**कैनेडियन ओपनः**

# क्वार्टरफाइनल में पहुंचे बेन शेल्टन, डी मिनौर से होगा सामना



**टोरंटो, एजेंसी।** बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के राउंड ऑफ 16 में फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6(1) से हराकर अपने टूर-स्तरीय करियर की 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अगले दौर में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। अपने टूर-स्तर के करियर में अब 100-69 का रिकॉर्ड रखते हुए, शेल्टन 21वीं सदी में जन्मे आठवें और 100 जीत का आंकड़ा छूने वाले नौवें सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ी हैं। शेल्टन लगातार तीसरे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह विंबलडन में क्वार्टर फाइनल और पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, इस साल हार्ड कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 16-7 का है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल तक का सफर भी है। पहले सेट में अपनी धाक जमाने के बाद, शेल्टन को दूसरे और तीसरे सेट में परेशानी का सामना करना पड़ा। इटैलियन खिलाड़ी ने अपनी सर्विस का अच्छा बचाव करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी की मजबूत सर्विस पर दबाव बनाया। कोबोली ने दूसरा सेट जीतने के बाद तीसरे सेट में 5-4 की बढ़त पर मैच के लिए सर्विस की, लेकिन वहीं से चौथे वरीय शेल्टन ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने 12वें गेम में मैच के लिए एक और ब्रेक का मौका बनाया। इसके बाद टाईब्रेक में कोबोली के सभी सर्विस प्वाइंट जीत लिए। जीत के बाद शेल्टन ने कहा, मुझे लगता है कि मैच के अंत में मैंने रैली करने और रिटर्न को कोर्ट में लाने का अच्छा काम किया। मैं अपनी दो सबसे बड़ी ताकत, सर्विस और फर्स्ट-बॉल फोरहैंड के साथ जूझ रहा था, लेकिन आखिर में जीत हासिल करना मेरी मानसिक दृढ़ता और ऐसे पल में लड़ने की क्षमता को

# Durand Cup 2025:

## नामधारी एफसी का विजय अभियान जारी, भारतीय वायुसेना को 4-2 से हराया

**कोलकाता, एजेंसी।** नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबाल में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए भारतीय वायुसेना को 4-2 से हरा दिया। टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है।




नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबाल में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए भारतीय वायुसेना को 4-2 से हरा दिया। टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ागन में पहला गोल वायुसेना की ओर से सैमुअल ने 7वें मिनट में किया। उसके बाद नामधारी के लिए क्लेडसन (पेनाल्टी, 37वां मिनट), अमनदीप (45वां मिनट) औ दूसरे हाफ में धर्मप्रीत (60) और स्थानापन्न सेलिंगथांग (74 वां मिनट) ने नामधारी को 4-1 से आगे कर दिया। वायुसेना के लिए दूसरा गोल संकित ने 78वें मिनट में किया लेकिन यह गोल टीम की वापसी नहीं करा सका।

# इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी चोटिल

**● अनिश्चित समय के लिए मैदान से बाहर हुए; नेक्शाका के खिलाफ मैच में चोट लगी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटर मियामी के कप्तान लियोनल मेसी को दाहिने पैर की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण अनिश्चित समय के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं। क्लब ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की है। यह चोट मेसी को शनिवार को मेक्सिको की टीम नेक्शाका के खिलाफ लीग्स कप मैच के दौरान लगी। मेसी की चोट के बावजूद, इंटर मियामी ने नेक्शाका के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की। मेडिकल रिपोर्ट में मांसपेशियों में हल्की चोट की पुष्टि मेसी को केवल 11वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा। हालांकि वे खुद अपने पैरों पर चलकर लॉकर रूम तक गए, लेकिन चोट की गंभीरता को देखते हुए उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। इंटर मियामी के बयान के अनुसार,रिपोर्ट में मेसी के दाहिने पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। उन्हें खेलने की अनुमति उनकी मेडिकल स्थिति और उपचार पर प्रतिक्रिया के आधार पर दी जाएगी। मेसी MLS 2025 के टॉप गोल स्कोरर मेसी इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 18 मैचों में 18 गोल और 9 असिस्ट कर चुके हैं।

वह MLS (मेजर लीग शॉकर ) के टॉप स्कोरर की सूची में फिलहाल पहले स्थान पर हैं। इंटर मियामी की स्थिति इंटर मियामी वर्तमान में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में 12 जीत, 4 हार और 6 ड्रॉ के साथ 42 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। वे शीर्ष पर मौजूद फिलाडेल्फिया से 8 अंक पीछे हैं, लेकिन उनके पास तीन अतिरिक्त मैच बाकी हैं। लीग्स कप क्वालिफिकेशन के लिए स्स्स स्टैंडिंग में इंटर मियामी 5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें बुधवार को UNAM पुमास के खिलाफ जीत की जरूरत है।



**आर्चरी लीगः**

# भारतीय तीरंदाजी संघ ने तीरंदाजी लीग के पहले सत्र की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे । हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरूष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा । इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे । हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है।




विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा ,'' इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आयेगा । इससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सकेंगे ।

# इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट : 93 साल में पहली बार! एक सीरीज में पांच भारतीयों के 400+ रन




| बल्लेबाज | पारी | रन | औसत | 100s / 50s |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 10 | 754 | 75.4 | 4 / 0 |
| केएल राहुल | 10 | 532 | 53.2 | 2 / 2 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 516 | 86 | 1 / 5 |
| ऋषभ पंत | 7 | 479 | 68.43 | 2 / 3 |
| यशस्वी जायसवाल | 10 | 411 | 41.1 | 2 / 2 |

**लंदन, एजेंसी।** गिल एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा बाउंड्रीज (चौके-छक्के) लगाने वाले भारतीय भी बन गए। उन्होंने मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर 97 बाउंड्रीज लगाई। इनमें 85 चौके और 12 छक्के शामिल हैं। भारत ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पहली बार किसी टेस्ट सीरीज में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने 400 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में कप्तान शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल शामिल रहे। वहीं, गिल ने वेस्टइंडीज के महान सर गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार

टीम इंडिया 1932 से टेस्ट क्रिकेट खेल रही है और 93 साल में पहली बार एक टेस्ट सीरीज में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए हैं। इस लिस्ट में सबसे आगे रहे शुभमन गिल, जिन्होंने 10 पारियों में 754 रन ठोके। उनके बाद केएल राहुल ने 10 पारियों में 532 रन, रवींद्र जडेजा ने 516 रन, ऋषभ पंत ने सिर्फ सात पारियों में 479 रन और यशस्वी जायसवाल ने 10 पारियों में 411 रन बनाए। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय बल्लेबाजों की निरंतरता और सामूहिक प्रदर्शन ने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। भारत ने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ विरोधी टीम पर दबाव बनाया, बल्कि यह दिखाया है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, मंगलवार 05 अगस्त 2025




कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



## उल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस : कलेक्टर

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर लेंगे परेड की सलामी

**रीवा।** जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा। शासन के निर्देशों के अनुसार जिला विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर समारोह आयोजित किये जायेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। समारोह में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। समारोह में आकर्षक परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का



आयोजन होगा।

कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। समारोह में जिला पुलिस बल, एसएएफ, नगर सैनिक, औद्योगिक सुरक्षा बल, स्काउट गाइड्स तथा एनसीसी कैडेट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसी तरह नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी शासकीय तथा अशासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में भी प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण किया जायेगा। शासन के निर्देशों तथा ध्वज संहिता का पालन करते हुए ध्वजारोहण तथा शाम में ध्वज को सम्मानपूर्वक अवरोहित कर सुरक्षित रखने की व्यवस्था करें। सभी शासकीय भवनों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में रोशनी की व्यवस्था करायें।

कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिये नगर निगम एसएएफ मैदान में साफ-सफाई तथा पानी की व्यवस्था करायेगा। कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मैदान के समतलीकरण, वैरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिये जनरेटर की व्यवस्था करेंगे। आयुक्त नगर निगम पंडाल, कुर्सी, साफ-सफाई तथा मंच सज्जा की व्यवस्था कराएं। अन्य अधिकारियों को भी स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उसके अनुरूप समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। समारोह में शामिल दलों का परेड अभ्यास तत्काल शुरू करा दें रक्षित निरीक्षक इसके लिये आवश्यक व्यवस्थायें करें। अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को होगा। जिला शिक्षा अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां करें। बैठक में कलेक्टर ने माइक एवं साउंड व्यवस्था, मैदान की साज सज्जा तथा बैठक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सम्मानित किया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान में हर व्यक्ति को सहभागी बनाएं

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि दो अगस्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके अभियान के लिए वातावरण का निर्माण करें। देश के स्वतंत्रता तथा राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला बनाकर तथा प्रभातफेरी के माध्यम से हर व्यक्ति को इस अभियान में सहभागी बनाएं। सभी अधिकारी भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभायें। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, तिरंगा मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित करें। जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह और स्वच्छता अभियान भी जुड़ा हुआ है। सभी अधिकारी अपने कार्यालय और कार्यालय परिसरों में साफ-सफाई कराएं। कार्यालय के अभिलेखों को व्यवस्थित कराएं। अभियान का तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस अवधि में सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराया जाएगा। कार्यालयों, निजी प्रशासनिक आवासों तथा वाहनों में तिरंगा फहराएं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। अभियान के दौरान जल जीवन मिशन तथा स्वच्छता मिशन के तहत नगरीय निकाय के सभी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य और स्वच्छता के कार्य कराएं। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनाएं। सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभागों में अभियान की मानीटरिंग करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभियान की मानीटरिंग करें। आयुक्त नगर निगम नगरीय निकाय के सभी वार्डों में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान संचालित कराएं। सभी शासकीय और निजी स्कूलों तथा कार्यालयों को भी इस अभियान में शामिल करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने अभियान के संबंध में शासन के निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समग्र पोर्टल में ई केवाईसी सत्यापन न होने पर रूकेगी पेंशन

**रीवा।** शासन द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के तहत पात्र दिव्यांगजनों, वृद्धजनों तथा अन्य हितग्राहियों को पेंशन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इन्हें हर महीने पात्रता के अनुसार राशि इनके बैंक खाते में जारी की जाती है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन सहित सभी पेंशन योजनाओं में 31 अगस्त तक समग्र पोर्टल में ई केवाईसी सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार हितग्राहियों द्वारा सत्यापन न कराने पर योजनाओं का लाभ होल्ड किया जाएगा। ई केवाईसी कराने के बाद ही पेंशन योजना पुनः लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शिविर लगाकर तथा घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी सत्यापन 25 अगस्त तक अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि आयुक्त नगर निगम तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ई केवाईसी सत्यापन की नियमित समीक्षा कर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारिका-सोमनाथ

**रीवा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ स्थल की निःशुल्क यात्रा कराई जाती है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकर दाता नहीं हैं तीर्थयात्रा कर सकते हैं। महिलाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को द्वारिका-सोमनाथ के लिए प्रस्थान करेगी।

## जल निगम अन्तर्गत सभी कार्य समानांतर रूप से कराएं

### हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय समय सीमा में पूरा कराएं : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना को तय समय सीमा में पूरा करें तथा इसके अंतर्गत संचालित सभी कार्य समानांतर रूप से किए जाएं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के साथ ही इंटेक वेल, पम्पिंग, टंकी निर्माण आदि सभी कार्य समानांतर रूप से संचालित कराए जाएं ताकि जनवरी माह तक कार्यों को पूरा किया जा



सके। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिन गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है वहाँ निर्धारित की गई जल कर की राशि ग्राम पंचायत के सहयोग से एकत्रित करें। जल उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखते हुए पानी की आपूर्ति के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दूर कराएं। समूह नल जल योजनाओं के कार्यों के सहयोग के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की सेवाएं लेते हुए नलजल योजनाओं के संचालन, संधारण, जल कर की वसूली आदि में महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि लोगों को नलजल योजना के पानी के दुरूपयोग न करने के लिए जागरूक करते हुए यह समझाइश दें कि व्यर्थ पानी न बहाएं और पंप आदि से पानी न खींचे ताकि अंतिम छोर तक पाइपलाइन से पानी पहुंच सके। उन्होंने कहा कि आईएसए के माध्यम से सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें ताकि इस योजना को लोग अपनी योजना मानें और नियत राशि देकर कनेक्शन लेते हुए प्रतिमाह जल कर की राशि जमा करें। उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तर एवं ग्राम स्तर पर कार्यशालाओं एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने वन क्षेत्र में आने वाले कार्यों को अनुमति प्राप्त होने के बाद तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में पाइपलाइन बिछाने, टंकियों के निर्माण, डब्ल्यूटीपी निर्माण, इंटेक वेल निर्माण, जलशोधन संयंत्र निर्माण, क्लियर वाटर पंपिंग निर्माण सहित अन्य कार्यों की संभागान्तर्गत जिलों में हुई प्रगति की जानकारी ली गई।

## जिले में अब तक 1119.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1119.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1007.4 मिलीमीटर, हनुमना में 1188.4 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 1161.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 414 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 13.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। पिछले 24 घण्टों के दौरान तहसील मऊगंज में 11.4 मिलीमीटर, हनुमना में 18 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 12 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

## गांधी काम्पलेक्स की दुकानों का मूल्य निर्धारित, शीघ्र होगी निविदा

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आज दिनांक 04.08.2025 को महापौर श्री अजय मिश्रा (बाबा) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य श्रीमती नीतू अशोक पटेल, श्री धनेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती रमा दुबे, श्री रवि तिवारी, श्री मनीष नामदेव, श्री गुलाम अहमद, श्रीमती गायत्री लखन खण्डेलवाल, श्रीमती सूफिया सहफूज खान, सुश्री आरती बक्सरिया उपस्थित रहें।

बैठक में नगर पालिक निगम रीवा के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी संवर्ग के पदों की पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किये जाने की अनुमति दी गई। श्री दीपक पटेल तत्कालीन उपायुक्त की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई। महामृत्युंजय व्यावसायिक काम्पलेक्स एवं गांधी काम्पलेक्स की रिक्त दुकानों को किराये पर दिये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही नगर पालिक निगम रीवा द्वारा आवंटित दुकान/शोरूम के सामने अतिक्रमण/सामग्री रखने, विक्रय करने, आवागमन बाधित करने के कारण आवंटन निरस्त करने का निर्णय लिया गया। गांधी काम्पलेक्स, "सी-ब्लाक" मे स्वंय वित्तीय योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन दुकानों का आरक्षित मूल्य निर्धारण किया गया। साथ ही नवीन आवासीय परियोजना में प्रथम चरण मार्केट काम्पलेक्स की छत को सम्मिलित कर विकास हेतु ईओआई आमंत्रित करने की अनुमति दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत एसएएफ साइड पर अर्धनिर्मित 384 एलआईजी (32ब्लाक) भवनों की निविदा शर्तों में संशोधन कर निविदा आमंत्रण अनुमति दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अन्तर्गत नवीन 32 पात्र हितग्राहियों की सूची का अनुमोदित की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी घटक अन्तर्गत 108 नये पात्र हितग्राहियों की सूची का अनुमोदित की गई। टी.एम.एच.-20 चैन माउंटिग जे.सी.बी. का किराया दर निर्धारण किया गया। नगर पालिक निगम रीवा सीमा से बाहर सेप्टिक टैंक सफाई कार्य के दर निर्धारण किया गया। लीज नवीनीकरण प्रकरणों की स्वीकृति दी गई। नगर निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत स्वामी विवेकानन्द, महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव, सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा अन्य महापुषों के नाम पर सड़क का नामकरण किये जाने के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया। रीवा शहर में 14 स्थानों पर पी.पी.पी. मॉडल आधारित स्मार्ट टायलेट के निर्माण एवं रखरखाव के पुनरीक्षित योजना पर निर्णय लिया गया। कोठी कम्पाउंड रीवा में सुव्यवस्थित फूड जोन/चौपाटी निर्माण योजना पर विचार किया गया।

## जिले में अब तक 570 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 570.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में 4 अगस्त को 36.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन तहसील त्योंथर में सर्वाधिक 130 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके साथ-साथ तहसील हुजूर में 15 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 16 मिलीमीटर, गुढ़ में 30 मिलीमीटर, सिरमौर में 7 मिलीमीटर, सेमरिया में 6 मिलीमीटर, मनगवां में 35 मिलीमीटर तथा जवा में 56 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 704.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 524 मिलीमीटर, गुढ़ में 828 मिलीमीटर, सिरमौर में 513.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 534 मिलीमीटर, सेमरिया में 526 मिलीमीटर, मनगवां में 565 मिलीमीटर तथा जवा में 368 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 272.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

## सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक की सभी शिकायतें निराकृत करें

### एसडीएम आवास योजना के पात्र व्यक्तियों को जमीन उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। आगामी सात दिनों में सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कार्यालय प्रमुख स्वयं प्रकरणों का अध्ययन करके उनमें तथ्यपरक उत्तर दर्ज कराएं। मांग आधारित आवेदनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बंद करें। जुलाई माह की ग्रेडिंग में कोई भी विभाग डी और सी श्रेणी में न रहे। अपर कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन में लंबित भू अर्जन के



प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा करके उनका निराकरण कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला श्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा जिला आपूर्ति अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। एल-1 अधिकारी से बिना किसी कार्यवाही के आवेदन आगे जाने पर संबंधित अधिकारी को नोटिस देकर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। जनपद के सीईओ समग्र पोर्टल में हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई केवाईसी 25 अगस्त तक सुनिश्चित करें। ई केवाईसी न होने पर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को आवास का लाभ देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के हर पात्र हितग्राही को 15 अगस्त तक आवेदन कराकर आवास योजना से लाभान्वित करें। सभी एसडीएम शहरी क्षेत्र के पात्र परिवारों को आवास के लिए धारणाधिकार अधिनियम अथवा अन्य प्रावधानों से भूमि उपलब्ध कराएं।

## कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

### जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए किये जा सकते हैं आवेदन

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन 23 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में पाश्र्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है। विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि एक मई 2011 से 31 जुलाई 2013 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) तथा कक्षा 11वीं में एक जून 2009 से 31 जुलाई 2011 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच होनी चाहिए।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833